वर्ष- 21 अंक - 289 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
इंदौर, रविवार 5 अप्रैल 2026
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

## गैस लाइटर फैक्ट्री में भीषण आग, 5 की मौत

**ढाका.एजेंसी।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गैस लाइटर बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और फैक्ट्री पूरी तरह तबाह हो गई।

## ये पागल ट्रंप पश्चिम एशिया को आग का गोला बना देगा



**वियना.एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के पूर्व महानिदेशक मोहम्मद अल बारदेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ 48 घंटे का अल्टीमेटम जारी करने के बाद खाड़ी देशों से हस्तक्षेप करने की तत्काल अपील की है। बारदेई ने एक्स पर एक पोस्ट में पड़ोसी खाड़ी देशों को संबोधित करते हुए कहा, 'कृपया, एक बार फिर अपनी पूरी ताकत झोंक दें, इससे पहले कि यह पागल शख्स इलाके को आग का गोला बना दे।' संयुक्त राष्ट्र के साथ रूस-चीन-फ्रांस को संबोधित एक अलग पोस्ट में उन्होंने पूछा कि क्या इस पागलपन को रोकने के लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता है?

# ईरान की जमीन से अपना पायलट उठा ले गया अमेरिका



**तेहरान.एजेंसी।** ईरान में अमेरिका ने ऐसा ऑपरेशन अंजाम दिया है, जिसने पूरी दुनिया को उसकी सैन्य ताकत का एहसास करा दिया। ईरान की जमीन पर गिराए गए एफ-15ई फाइटर जेट के दूसरे क्रू मेंबर को भी अमेरिका ने खोज निकाला है। अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज ने खतरनाक हालात में रेसक्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि दूसरे क्रू मेंबर को 'भारी गोलीबारी' के बीच ढूंढकर रेस्क्यू किया गया। हालांकि ऑपरेशन अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि रेस्क्यू टीम का सुरक्षित तरीके से ईरान से बाहर निकलना अभी बाकी है। खबर लिखे जाने तक पायलट को बचाने आई रेसक्यू टीम ईरान से बाहर नहीं निकली थी।ऐसे में रेसक्यू करने गई टीम और पायलट की जान अभी भी खतरे में ही है। रिपोर्ट में पायलट महिला है या पुरुष यह नहीं बताया गया।

## ईरानी ड्रोन हमलों से दहला कुवैत पावर और वाटर प्लांट को भारी नुकसान

**रविवार.एजेंसी।** जंग के बीच कुवैत के दो बड़े बिजली और पानी के प्लांट्स को ईरानी ड्रोन्स ने निशाना बनाया है। इस आपराधिक हमले में प्लांट के बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचा है और बिजली पैदा करने वाली दो मुख्य यूनिट्स पूरी तरह ठप हो गई हैं। इसी तरह ईरान ने बहरीन के एक ठिकाने को निशाना बनाया है। जिसके बाद यहां आग लग गई। उधर इस्राइल ने ईरान-लेबनान में 200 से ज्यादा ईरानी और 140 हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया।

## होर्मुज में धू-धूकर जला जहाज

होर्मुज स्ट्रेट में ईरान की नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे एक वाणिज्यिक जहाज पर ईरान ने हमला किया जिससे जहाज में आग लग गई।

## युद्ध के खिलाफ इराक और तेल अवीव में सड़कों पर उतरे हजारों लोग

**रविवार.एजेंसी।** इराक में शिया नेता मुक्तदा अल-सद्र के आह्वान पर हजारों समर्थकों ने बगदाद और बासरा में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। यह विरोध अमेरिका की मौजूदगी और ईरान पर जारी हमलों के खिलाफ था। इराकी स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक संकट शुरू होने के बाद से अब तक 108 लोगों की मौत हो चुकी है। इजरायल के शहर तेल अवीव में सैकड़ों लोगों ने सड़कों पर उतर कर ईरान के खिलाफ जमकर विरोध किया। ये विरोध चल रहे जंग के खिलाफ है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कुछ लोगों को हिरासत में भी लेना पड़ा।

## ईरान जंग को लेकर कांग्रेस में जंग
## कमलनाथ सहित कई नेता मोदी सरकार के साथ

**रविवार.एजेंसी।** ईरान जंग के कारण भारत में पेट्रोल-डीजल गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है जिसके कारण महंगाई भी बढ़ रही है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे मोदी सरकार को घेर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के कई नेता मोदी सरकार के पक्ष में बयानबाजी कर रहे हैं जिससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शशि थरूर के बाद अब कमलनाथ, आनंद शर्मा और मनीष तिवारी भी जंग के माहौल में मोदी सरकार की रणनीति को सलाम कर रहे हैं। इससे यह अटकलें भी लग रही हैं कि ये नेता भाजपा में एंट्री का रास्ता तलाश रहे हैं।



## इस गांव में नहीं लगते चुनावी पोस्टर
### वोटर भी नहीं लेते मुफ्त का सामान

**मुदरै.एजेंसी।** तमिलनाडु में चुनाव के दौरान मदुरै का ओथावीडु गांव सुर्खियों में है। यहां एक भी चुनावी बैनर-पोस्टर नहीं है, क्योंकि इस गांव में राजनीतिक विज्ञापन, बैनर, झंडे, पोस्टर या किसी भी तरह के संदेश लगाने पर रोक है। राजनेता गांव में आते हैं और वोट मांगने के लिए प्रचार करते हैं, लेकिन बस इतना ही। गांववाले न तो कोई तोहफ़ा या मुफ़्त की चीज़ें लेते हैं, और न ही गांव में कहीं भी विज्ञापन लगाने की इजाज़त देते हैं- चाहे वह किसी घर की दीवार हो या कोई सार्वजनिक जगह। राजनीतिक पोस्टरों के अलावा, हम त्योहारों और शादियों जैसे धार्मिक या निजी कार्यक्रमों के पोस्टर भी लगाने की इजाज़त नहीं देते।

## होर्मुज स्ट्रेट से भारत के लिए फिर आई खुशखबरी...

**तेहरान.एजेंसी।** अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जारी जंग के बीच ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उसने साफ किया है कि होर्मुज का रास्ता केवल दुश्मन देशों के लिए ही बंद रहेगा, जबकि गैर-शत्रु राष्ट्रों के जहाज यहां से आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। ईरान का यह बयान भारत के लिए राहत भरा है, क्योंकि अब भारत के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से आने में और आसानी हो जाएगी।

## यूरोप की सड़कों पर भी बिक रहा गन्ने का रस, 535 का एक गिलास

**रविवार.एजेंसी।** इंदौर और भारत की तरह यूरोप में भी सड़कों पर गन्ने के रस की चरखी चल रही है और यूरोप के लोग भी चाव से गन्ने का रस पी रहे हैं। इंदौर की तरह वहां भी देशी स्टाइल में मशीन से गन्ने का ज्यूस निकाला जा रहा है। इंदौर में 1 गिलास गन्ने का रस 20 रुपए में मिलता है, लेकिन यूरोप में इसकी कीमत 535 रुपए है।




## ट्रेन में टपकने लगी शराब की बोतलें

**रक्सौल.एजेंसी।** आनंद विहार से बिहार जाने वाली एक ट्रेन में शौचालय की छत से अचानक शराब की बोतलें गिरने लगी जिससे यात्री भी हैरान हो गए। इसके बाद इसकी सूचना रेलवे प्रशासन को दी गई और मौके पर रेलवे प्रशासन भी पहुंच गया। मौके से करीब 12 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। बिहार में लंबे समय से शराबबंदी कानून लागू है। इसलिए यहां ट्रेन के जरिए शराब की तस्करी की जाती है।

## जयपुर में भी भागीरथपुरा कांड, सैकड़ों बीमार

**जयपुर.एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री के घर से बस सात मिनट की दूरी पर स्थित सुशीलपुरा इलाके में भी इंदौर के भागीरथपुरा की तरह सैकड़ों लोग बीमार हो रहे हैं। यहां नलों में गंदा पानी आ रहा है जिसके कारण किसी को उल्टी-दस्त हो रहे हैं तो किसी को पेटदर्द हो रहा है।



# ब्लॉक में मैपिंग की जानकारी दी





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जिला कांग्रेस ने संगठन की बैठक संगठनात्मक परिचर्चा को लेकर आयोजित की। ब्लॉक में नई मैपिंग किस तरह होना चाहिए उस पर चर्चा हुई। डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती का आयोजन आम्बेडकर नगरी महू में होना है उसे लेकर भी चर्चा हुई। अलग-अलग कांग्रेसियों को जिम्मेदारी दी गई कि वे टेंट लगाकर बाबा साहब के अनुयायियों को चाय-नाश्ता, पानी का आयोजन कराए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, संगठन महामंत्री दौलत पटेल, कोषाध्यक्ष हितेश हनी यादव, राधेश्याम पटेल, मोतीसिंह पटेल, दिनेश मल्हार, मनीष पटेल, भूपेन्द्र गुर्जर, अशोक चौधरी, दिनेश पटेल, श्याम सोनी, विजेन्द्रसिंह चौहान, अनिल जीरती, अर्जुन पटेल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# महिलाओं के सम्मान में मौजूद रहे कांग्रेसी





इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। 'समता, सद्भाव और सुगम न्याय का संकल्प' सम्यक अभियान का चलो राम राज्य की ओर का आयोजन रीगल तिराहा स्थित आईसीएच परिसर पर आयोजित हुआ। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली समाजसेवी महिलाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े के अलावा कांग्रेस के सत्यनारायण पटेल, अर्चना जायसवाल, पीसी शर्मा, चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, देवेन्द्रसिंह यादव, दिलीप ठक्कर की मौजूदगी में समाजसेवी महिलाओं में डॉ.अदिति जायसवाल, डॉ. विनी झरिया, शीतल राय, रुचि रिछारिया, डॉ.फरीदा बंदूकवाला,आरती बियानी, विनीत तिवारी सरिता काला अनुराधा शर्मा सहित तकरीबन 50 से ज्यादा महिलाओं का सम्मान किया। वहीं समाजसेवी अजय सीतलानी, ईश्वर झामनानी, राजकुमार हरियाणी, अनिल फतेहचंदानी, गोपाल दरियानी सहित अन्य का सम्मान किया।

# बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग

**250 से अधिक कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




बजरंग दल मालवा प्रांत का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग कल से यशवंत पब्लिक स्कूल, महू में प्रारंभ हुआ। यह शिविर 12 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें मालवा प्रांत के 250 से अधिक कार्यकर्ता ने भाग ले रहे हैं। प्रांत मंत्री विनोद शर्मा ने शुभारम्भ अवसर पर उदबोधन भी दिया। इस दौरान संत हठयोगी रामचंद्र महाराज, किशन प्रजापत, खगेन्द्र भार्गव, विनोद शर्मा, विश्ववर्धन भट्ट, महेश गोठी, नितिन पाटीदार, यश बचानी, मुकेश पाटीदार सहित अन्य मौजूद थे। गन्नी चौकसे ने उक्त जानकारी दी।

# रोहतक के सांसद आए तो हुआ सम्मान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हरियाणा रोहतक के कांग्रेस सांसद दीपेन्द्रसिंह हुड्डा के विमानतल आगमन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मोतसिंह पटेल, जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री दौलत पटेल सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे। हुड्डा कल इंदौर आकर हरदा के लिए रवाना हुए।

# एक ही वार्ड को मिली 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

## मंत्री और महापौर रहे भूमिपूजन और लोकार्पण में मौजूद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विधानसभा 1 के वार्ड 7 में 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 3 करोड़ 48 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 6 करोड़ 64 लाख से ज्यादा के 24 विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ। क्षेत्रीय विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव मौजूद



रहे। कार्यक्रम का आयोजन आरएपीटीसी बाल उद्यान में किया गया। जब कार्यक्रम के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव पहुंच रहे थे तो उनका ढोल-ताशों की गड़गड़ाहट के बीच हार-फूलों से स्वागत किया। पार्षद भावना मनोज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सावन वर्मा मौजूद थे। विशेष रूप से डीआईजी धर्मेन्द्रसिंह भदौरिया की मौजूदगी रही।

# भाजपा का मंडल प्रशिक्षण वर्ग आयोजित



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी के सांवेर विधानसभा के निपानिया मंडल और राऊ विधानसभा के छत्रपति संभाजी मंडल के प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने संबोधित किया। मंत्री तुलसीराम सिलावट, सुमित मिश्रा, मधु वर्मा, जीतू जिराती, जयपालसिंह चावड़ा, अभिषेक शर्मा बबलू, वरुण पाल, सुधीर कोल्हे, रवि रावलिया, मनोज लदवे, अनंत पंवार, दिलीप पटौदिया सहित अन्य मौजूद थे। प्रशिक्षण वर्ग को संतोष मेहता, आलोक दुबे, मनोज लदवे, अमरदीप मौर्य, सुधा सुख्यानी, अशोक अधिकारी ने भी संबोधित किया। चंद्रगुप्त मौर्य मंडल, निर्भय सिंह मंडल और गुरु गोविंद सिंह मंडल में भी प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए।

## रात्रि विश्राम के बाद सुबह भाजपाइयों के साथ किया योग

कल दोनों मंडल में प्रशिक्षण वर्ग में सार्थक उद्बोधन के बाद भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रात्रि विश्राम निपानिया मंडल में किया और आज सुबह भाजपाइयों



के साथ योग का आयोजन भी किया। अजय जामवाल, सुमित मिश्रा, तुलसीराम सिलावट, श्रवणसिंह चावड़ा, अजयसिंह नरूका सहित अन्य मौजूद थे।

# मंत्री ने ली प्राधिकरण में अधिकारियों की बैठक



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर विकास प्राधिकरण में 3 विकास कार्यों को लेकर बैठक बुलाई थी। इसमें विधानसभा 1 में बड़ा गणपति पर बनने वाला ब्रिज भी शामिल है, यह ब्रिज सिंहस्थ के पहले बनना है। वहीं चंदननगर धार रोड पर बनने वाला ब्रिज को लेकर चर्चा हुई और कहा कि इन दोनों काम के लिए हर माह इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। बरसात के पहले काम शुरू हो जाए और उसमें गति भी दिखे। पिछले दिनों एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर ने अवैध होर्डिंग का मुद्दा उठाया था, इस पर भी मंत्री ने कहा कि मैं अवैध होर्डिंग मामले में जांच कराऊंगा। कोई भी अनियमितता मिलती है तो सख्त कार्रवाई करवाऊंगा। कुछ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी विजयवर्गीय ने कड़े तेवर दिखाए।

# विद्यार्थी परिषद ने चलाया सकोरा अभियान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अरबिन्दो जिला द्वारा सांवेर रोड स्थित कॉलेज परिसर में जीव, जल, कलश अभियान के अंतर्गत पशु पक्षियों के लिए सकोरा अभियान चलाया गया। कॉलेज कुलपति अमोल गोरे, कुलसचिव अजेन्द्र नाथ एवं परिषद के पदाधिकार मौजूद रहे।



# निहोरे मुंबई जाएंगे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बुद्ध रत्न सागर सोशल वेलफेयर द्वारा अंतराष्ट्रीय बौद्ध धम परिषद का आयोजन मुंबई ठाणे में हो रहा है। इंटरनेशल बुद्धिस्ट कार्यक्रम में राहुल निहोरे अतिथि होंगे। बताया तो यह भी जा रहा है कि समबुद्धा ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा राहुल निहोरे को बड़ी जिम्मेदारी मिलने का इशारा है। निहोरे के अलावा अतिथि जापान के भंते युषी सीमांटा, लाउस के वेन बॉन एवं विशुद्धानंद महाथेरो, भंते विनय महाथेरो, भंते शांति रत्न थेरो, भंते डॉ. राजरत्न महाथेरो, भंते के आर लाम्बा, भंते आरा आनद थेरो, भंते सम्बोधि थेरो, भंते सिलबंदी थेरो, देश विदेश से आमंत्रित है। कार्यक्रम के आयोजक रत्नप्रिय थेरो है।

# अब दिगम्बर जैन समाज में उठा हिसाब नहीं देने का मुद्दा

### पाटोदी सोशल मीडिया पर चलाया तो समाज में भी उठे सवाल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

पिछले 6 वर्षों से दो दिगम्बर जैन समाज की सामाजिक संसद काम कर रही थी और बकायदा धार्मिक कार्यक्रम भी हुए। जुलूस, कलश और भोजन के आयोजन भी किए गए। पाटोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि निर्वाचित अध्यक्ष हीरालाल झांझरी से लेकर कैलाश वेद की सामाजिक संस्था नियम कायदों से संस्था चलाई, हिसाब भी दिए, लेकिन अब सवाल यही है कि वेद के बाद सामाजिक संसद पदाधिकारियों ने हिसाब क्यों नहीं दिए? ऑडिट रिपोर्ट भी पूर्व में सीए द्वारा पास घरों तक भेजी जाती थी और साधारण सभा में आय-व्यय पत्रक स्वीकृत किए जाते थे, कैलाश वेद के बाद यह प्रथा समाप्त हो गई। कितना पैसा सामाजिक संसद को मिला, कितना खर्च हुआ इसकी जानकारी नहीं है, सामाजिक संसद समाज की धरोहर है, कोई प्राइवेट लिमिटेड संस्था नहीं है। पाटोदी ने यहां तक लिखा कि लागा, दानदाताओं से प्राप्त राशि का सदुपयोग या दुरुपयोग हुआ इसका किसी को नहीं पता, वर्ष भर में अलग-अलग स्रोत से पैसा आता है, महावीर जयंती पर अलग-अलग मदों में लाखों रुपया एकत्रित होता है, बोलिया भी लगती है और पिछले 10 वर्षों से भोजन की परम्परा भी शुरू हो गई, जिसमें भी दानदाता बड़ी राशि दान देते हैं। हर चीज का प्रायोजक या बोली लगाने वाला मिलता है, आर्थिक सहयोग देने वालों को एक कुर्सी भी नहीं मिलती है, पाटोदी ने भी सवाल उठाए कि महावीर जयंती पर मात्र 45 मिनट में भोजन समाप्त कैसे हो गया। इसका जवाबदेह कौन है? होर्डिंग पोस्टर में अपने फोटो और नाम प्रकाशित कराए, लेकिन भोजन की व्यवस्था जिनको दी थी वे ही स्थल से नदारद रहे, फोटो में दिखते रहे। कुल मिलाकर मुद्दा यही है कि कब ऑडिट होगा और कब हिसाब की जानकारी दी जाएगी। हिसाब के लिए अध्यक्ष के साथ कोषाध्यक्ष भी जवाबदार है उन्हें अपना दायित्व निभाना चाहिए। अंगुलियां कोषाध्यक्ष पर भी उठेगी क्योंकि दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद से हिसाब मांग रहा है। उक्त पूर्ण जानकारी और विस्तार के साथ संजय पाटोदी द्वारा सोशल मीडिया पर डाली गई, जो चर्चा का विषय है। बकायदा ग्रुप में चार्टर्ड अकाउंटेंट डीसी जैन द्वारा किए गए ऑडिट की कॉपी भी डाली गई, जो 2008-09 की है।

# आज कांग्रेस पदाधिकारियों को पहले नियुक्ति पत्र, बाद में भोजन की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस द्वारा आज शाम 5 बजे से पालदा स्थित मल्हार गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया है। इसमें शहर कांग्रेस में बने पदाधिकारियों के अलावा ब्लॉक और मंडलम पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे और नियुक्ति पत्र के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे मुलाकात भी करेंगे और इन पदाधिकारियों को आगामी संगठन के लिए दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे कि आपको किस तरह से काम करना है। कैसे धरना, प्रदर्शन किए जाना है। आगामी दिनों शहर कांग्रेस द्वारा विद्युत मंडल पर प्रदर्शन किया जाना है, उसकी जानकारी भी दी जाएगी। नियुक्ति पत्र और संगठन के दिशा-निर्देश के बाद वहां पहुंचने वाले सभी कांग्रेसियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी दिनेश मल्हार ने कराई है।

## मानधन्या प्रदेश महामंत्री



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** माहेश्वरी समाज से जुड़े कांग्रेस नेता गोपालकृष्ण मानधन्या को म.प्र. राजीव विकास केन्द्र में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने महामंत्री के पद पर मनोनीत किया। कई कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है।

# टंट्या मामा प्रतिमा अनावरण में पहुंचे भाजपाई



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 5 के वार्ड 54 की मूसाखेड़ी क्षेत्र की आदिवासी बाहुल्य भील कालोनी में टंट्या मामा भील की प्रतिमा स्थापना के बाद अनावरण किया गया, जिसमें भाजपाई भी पहुंचे। गोपाल सिंगार ने बताया कि मूसाखेड़ी से चल समारोह निकाला गया। आदिवासी समाजजनों ने पारम्परिक वेशभूषा में नृत्य भी किया। डॉ. निशांत खरे, उमेश मंगरोला, दीपक राजोरिया, पार्षद महेश बसवाल, मलखान कटारिया, अतुलसिंह राजपूत, दुर्गेश मिंजवा, दिनेश रोकड़े, गोपाल सिंगार, राजेश सनोतिया, नारायणी बरोठा, अमित वर्मा, रौशन चौहान मौजूद थे।

# आज शाम को महिला मोर्चा की मातृशक्तियां बनाएंगी रंगोली

### भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां, कल फहराएंगे ध्वज, दीपोत्सव भी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि भाजपा अपना स्थापना दिवस कल मनाएगा। कल जहां भाजपा के एक-एक घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया जाएगा वहीं स्थापना दिवस पर दीपोत्सव भी मनाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर दीपक भी लगाएंगे, भाजपा कार्यालय पर कल विद्युत सज्जा भी नजर आएगी। कल सुबह भाजपा कार्यालय पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य भाजपाई भाजपा ध्वज फहराएंगे। हर विधानसभा के मंडल, वार्ड और बूथ स्तर पर ध्वजारोहण के आयोजन होंगे और भाजपाई फोटो, वीडियो लेकर सोशल मीडिया अकाउंट पर भी अपलोड करेंगे। आज शाम महिला मोर्चा से जुड़ी मातृशक्तियां भाजपा कार्यालय पर रंगोली बनाएगी। इसकी तैयारियां भी की जा रही है। कुल मिलाकर आज शाम से लेकर कल शाम तक होने वाले आयोजन की तैयारियां चल रही है, आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

## सुभाष मंडल में भाजपाइयों ने देखी प्रदर्शनी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के सुभाषचन्द्र बोस मंडल ने नारनोली धर्मशाला मल्हारगंज में भाजपा की रीति-नीति को लेकर प्रदर्शनी आयोजित की।



सावन वर्मा, प्रिंसपाल टोंग्या, रजत गर्ग, कपिल शर्मा, रामा भावसार, जयदीप जैन, नागेन्द्र सिंह, सुनीता जयपाल, अशोक उपाध्याय, दीपक बागवान सहित अन्य मौजूद थे। भाजपा के वरिष्ठजन भी पहुंच रहे हैं।

## कल से कांग्रेस प्रवक्ताओं के लिए होगा टेलेंट हंट का दो दिवसीय आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कांग्रेस आलाकमान हर प्रदेश में टेलेंट हंट का आयोजन करवा रहा है। टेलेंट हंट से जुड़े राष्ट्रीय पदाधिकारी पवन खेड़ा की टीम दो दिवसीय हंट के लिए आज शाम इंदौर पहुंचेगी और साथ में प्रदेश की टीम भी आएगी और कल 6 और 7 अप्रैल को गांधी भवन में टेलेंट का आयोजन होगा। इसमें दो दिनों तक प्रदेश प्रवक्ता, संभागीय प्रवक्ता और इंदौर शहर-जिला प्रवक्ताओं के लिए प्रतिभाओं के इंटरव्यू होंगे और उसी आधार पर प्रवक्ता बनाए जाएंगे। दावेदारों से चर्चा की जाएगी और जो टीम दिल्ली और भोपाल से आ रही है वह प्रवक्ताओं के राजनीतिक जानकारी, बोलने का तरीका भी देखेगी और टेलेंट के आधार पर ही उन्हें प्रादेशिक, संभागीय और शहर-जिला प्रवक्ता के रूप में चयनीत करेंगी और जो नहीं कर पाएंगे उनका डब्बा भी प्रवक्ता पद से टीम गोल कर देगी।





# ब्लॉक की बैठक में कमेटियों को हिदायत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, दीपू यादव, ठा. जितेन्द्रसिंह की मौजूदगी में ब्लॉक 2 और 3 की बैठक नृसिंह वाटिका में आयोजित की गई। चौकसे और यादव ने साफतौर से ब्लॉक अध्यक्ष को हिदायत दी कि वे अपनी कार्यकारिणी जल्द तैयार करें, साथ ही वार्ड की इकाइयां भी तैयार करवाए, इसके बाद बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बूथ महिला प्रभारी भी बनाई जाएगी, मोहल्ला कमेटी भी बनेगी। इन सब कमेटियों के गठन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश की हिदायत भी दी गई, जिससे संगठन को और मजबूत कर बूथ और मोहल्ला स्तर पर किया जा सके।

# महिला कांग्रेस की शहर-जिला अध्यक्ष में आएगा नया चेहरा

### महिला नेत्रियों का दर्द शहर में नहीं मिल रहा है उन्हें काम करने का मौका, शहर कांग्रेस ने भी किया दरकिनार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना सेतिया इंदौर से ही है और उन्होंने इस बार मन बना लिया है कि इंदौर शहर और जिला में नई अध्यक्ष बनाना है, ऐसा इसलिए महिला नेत्रियों को लग रहा है कि सदस्यता

## जिन्होंने काम किया, सदस्य बनाए उन्हें बना दिया प्रदेश पदाधिकारी

और वरिष्ठता के आधार पर जिन्होंने पहले इंदौर में काम किया उन्हें प्रदेश पदाधिकारी बना दिया गया है, इंदौर से 5 कांग्रेस की मातृशक्तियों को प्रदेश पदाधिकारी बनाया है। सदस्यता के आधार पर प्रदेश पदाधिकारी बने हैं इनमें यह क्राइट एरिया यह था कि जिस कांग्रेस महिला नेत्री ने एक हजार या उससे अधिक सदस्य बनाए हैं उन्हें उपाध्यक्ष और 500 से या उससे अधिक महासचिव और 200 से अधिक सचिव बनाया गया। इंदौर से शहर महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिला मिमरोट को प्रदेश सचिव में संतोष करना पड़ा, शांति भालेश्वर को उपाध्यक्ष, साक्षी शुक्ला, कुसुम मौर्या को महासचिव, संयुक्त सचिव पद पर प्रियंका यादव, पूर्वी सोजतिया, शशि हाड़ा, रोशनी गोहर, मुक्ता राय को बनाया गया है। कई पुरानी नेत्रियां जो बैठक में और आन्दोलन, धरना, प्रदर्शन में भी पहुंचती थी उन्हें जगह नहीं मिली है वे भी नाराज है। वरिष्ठ नेत्रियों का दर्द यही है कि उनका कार्य क्षेत्र इंदौर है और उन्होंने इंदौर कांग्रेस के लिए काम किया है, उन्हें इंदौर की शहर कांग्रेस इकाई में मौका नहीं मिला और अब प्रदेश में भेजकर इंदौर से काम करने की इच्छा से दूरी बनवा दी गई है। जिन्होंने पहले समय दिया अब वे इंदौर से दूर रहेंगी। बताया तो यह भी गया कि इंदौर शहर महिला कांग्रेस और जिला महिला कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष की पसंद का नया चेहरा आएगा क्योंकि पुरानों को प्रदेश में भेज दिया गया है, अभी भी पुरानी महिला नेत्रियां कांग्रेस की है, जिन्हें अभी कुछ नहीं मिला है। अध्यक्ष पद की दो दावेदार थी जिनमें पूर्व अध्यक्ष सोनिला मिमरोट और साक्षी शुक्ला डागा को अध्यक्ष का दावेदार देखा जा रहा था, इन दोनों को ही प्रदेश में पदाधिकारी बनाकर शहर और जिला में नए चेहरे के लिए रास्ता साफ कर दिया गया है।

### धार से प्रीति माहेश्वरी खरगोन से कोई नहीं

प्रदेश महिला कांग्रेस की इकाई में धार से प्रीति माहेश्वरी को महासचिव बनाया गया है। वहीं खरगोन से महिला कांग्रेस से कोई भी पदाधिकारी नहीं बनाया गया है।

# चंदन नगर फ्लाईओवर ब्रिज का टेंडर 10 दिन में

## मंत्री ने बैठक लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों को कहा काम में लाओ तेजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**धार रोड पर चंदन नगर से जिला अस्पताल तक बनने वाले फ्लाईओवर ब्रिज का टेंडर इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा अगले 10 दिन के अंदर जारी कर दिया जाएगा।**

यह टेंडर जारी करने के लिए प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा कल आयोजित की गई बैठक में निर्देश दिया गया। इंदौर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में आयोजित की गई इस बैठक में इस फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए अब तक की गई तैयारी की समीक्षा की गई। जब इस बारे में बातचीत शुरू की गई तो इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर परीक्षित झाडे ने कहा कि इस स्थान से जो पानी और ड्रेनेज की लाइन की शिफ्टिंग होना है उसके लिए नगर निगम के द्वारा अभी तक हमें असेसमेंट नहीं दिया गया है। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताई।

मंत्री द्वारा तत्काल वहां मौजूद नगर निगम के अधिकारियों से यह पूछा गया कि यह असेसमेंट अभी तक क्यों नहीं दिया गया। इस पर अधिकारियों ने कहा कि असेसमेंट का कार्य चल रहा है और अगले हफ्ते में हम इसे पूरा करके इंदौर विकास प्राधिकरण को दे देंगे। मंत्री ने कहा कि जैसे ही नगर निगम के द्वारा असेसमेंट दिया जाता है वैसे ही प्राधिकरण की ओर से नगर निगम को राशि का भुगतान कर दिया जाए। फिर इस राशि के मिलने के बाद नगर निगम की ओर से लाइन की शिफ्टिंग के कार्य के लिए टेंडर जारी कर दिया जाए।

इस बैठक में विजयवर्गीय के द्वारा इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अगले 10 दिन के अंदर धार रोड के इस फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण करने के लिए टेंडर जारी करने का काम कर देंवे ताकि नगर निगम जब लाइन शिफ्टिंग का काम पूरा करेगा तब तक प्राधिकरण का निर्माण करने वाला ठेकेदार भी फाइनल हो जाएं। इस तरह की तैयारी करके ही हम इस फ्लाईओवर ब्रिज के काम को तेज गति से कर सकेंगे। बैठक में मौजूद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कार्य करने के लिए नगर निगम की ओर से की गई तैयारी की जानकारी दी। इसके साथ ही इस बैठक में इंदौर के मास्टर प्लान की इंदौर नगर निगम के द्वारा बनाई जा रही 23 सड़कों के निर्माण कार्य की समीक्षा भी की गई। इसमें बताया गया कि निगम की ओर से कुछ सड़कों का निर्माण शुरू कर दिया गया है और यह कार्य तेज गति के साथ चल रहा है।



## भाजपा नेता को फाउंडेशन में जिम्मेदारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता देपालपुर विधानसभा के ग्राम बैगान्दा के रामसिंह मकवाना को मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन का देपालपुर विधानसभा इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू के द्वारा की गई है। कई नेताओं और पदाधिकारियों ने बधाई भी दी है।

## निगम की माली हालत का असर, स्कूल का सवा करोड़ का काम करने को भी कोई तैयार नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर नगर निगम की माली हालत इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि अब स्कूल का 1.25 करोड रुपए का काम करने के लिए भी कोई ठेकेदार तैयार नहीं हो रहा है। इसके चलते हुए स्कूल के विकास के लिए बनाई गई योजना कागज पर सिमटकर रह गई है।

नगर निगम के द्वारा झोन क्रमांक 6 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 24 में कुलकणी नगर में स्थित शासकीय अंबेडकर स्कूल में विकास कार्य करने के लिए योजना तैयार की गई थी। योजना के अंतर्गत इस स्कूल का गेट बनाया जाना है।

इसके साथ ही स्कूल में क्लासरूम का निर्माण करना और पुराने बने हुए क्लासरूम की रिपेयरिंग का काम भी करना है। इस पूरे कार्य के लिए 1.25 करोड रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है। इस काम को करने के लिए नगर निगम मैदान में आ गया है लेकिन कोई भी ठेकेदार काम करने के लिए तैयार नहीं है। नगर निगम के द्वारा अब तक चार बार इस काम को करने के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं। एक भी बार एक भी ठेकेदार ने इस काम को करने में रुचि नहीं ली।

ऐसी स्थिति में अब नगर निगम के द्वारा इस काम को करवाने के लिए पांचवीं बार टेंडर जारी किया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस स्कूल में बड़ी संख्या में बच्चों के द्वारा शिक्षा प्राप्त की जाती है। ऐसे में इस स्कूल में मरम्मत का क़ार्य करना जरूरी हो गया है। इसके बावजूद कोई भी इस काम को करने के लिए तैयार नहीं हो रहा है।

## कलोता समाज कराएगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

अक्षय तृतीया पर क्षत्रिय कलोता समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 20 अप्रैल को मां कालीका धाम, गोवर्धन गौशाला, जम्बुडी हप्सी में होगा। कलोता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम पटेल ने बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन से समाज को एक नई पहचान मिलेगी और आपसी एकता व सहयोग की भावना को मजबूती मिलेगी। आयोजन की शुरूआत पूजन, अर्चन और ध्वजारोहण के साथ की गई। भगवान को विवाह आयोजन का निमंत्रण भी दिया गया। अध्यक्ष पवन ने उक्त जानकारी दी।

## शराबी पड़ोसी का उत्पात | गाली देने से रोका तो युवक को पीठ पर दांतों से काटा, पेन से भी किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विजयनगर थाना क्षेत्र की दूरसंचार कॉलोनी में शराब के नशे में धुत एक युवक ने जमकर हंगामा किया। पड़ोसी द्वारा गाली-गलौज करने से मना करने पर आरोपी इतना भड़क गया कि उसने न केवल मारपीट की, बल्कि फरियादी की पीठ पर दांतों से काट लिया और हाथ में लिए पेन से आंख के पास हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपी पड़ोसी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी श्रीराम पिता प्यारेलाल अकोदिया, निवासी दूरसंचार कॉलोनी स्कीम नं. 54 ने शिकायत दर्ज कराई है। श्रीराम ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला मयंक उर्फ छोटू चौहान शराब के नशे में धुत होकर उनके घर के सामने टाइप-क्वार्टर परिसर में ज़ोर-ज़ोर से गालियां दे रहा था। जब श्रीराम ने मयंक को टोकते हुए कहा कि तुम नशे में हो, यहाँ गाली-गलौज मत करो और अपने घर जाओ तो आरोपी और ज्यादा उग्र हो गया। वह श्रीराम और उनकी बहन मोनिका अकोदिया के साथ अभद्रता करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि मयंक ने श्रीराम पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपी मयंक ने हैवानियत दिखाते हुए श्रीराम की पीठ पर दांतों से जोर से काट लिया, जिससे गहरा घाव हो गया और खून निकलने लगा। इतना ही नहीं, आरोपी ने अपने हाथ में लिए पेन से श्रीराम की बाईं आंख के नीचे हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर खरोंच और चोट आई है। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, तब कहीं जाकर आरोपी वहां से भागा।

## सीढ़ियों से गिरकर घायल युवक की मौत

**इन्दौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र स्थित जबरन कॉलोनी में अपने ही घर की सीढ़ियों से उतरते समय संतुलन बिगड़ने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मृतक की पहचान राजेश पिता शंकर राव (50) निवासी जबरन कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रात करीब 1 बजे राजेश घर की सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वे अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़े। सीढ़ियों से गिरने के कारण राजेश के सिर और चेहरे पर गंभीर अंदरूनी और बाहरी चोटें आई थीं। लहूलुहान हालत में परिजन उन्हें लेकर तत्काल एमवाय अस्पताल पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया। हालांकि, इलाज के दौरान ही राजेश ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर जूनी इंदौर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## बहन-जीजा को बचाने आए युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित चद्दर बस्ती में बीती रात पुराने झगड़े को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने एक युवक पर लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी आकाश पिता राधेश्याम माली, निवासी चद्दर बस्ती ने बताया कि घटना बीती रात करीब 10:30 बजे की है। आकाश की बहन आरती और जीजा अनिल सैनी का पड़ोस में रहने वाले राहुल सोनाने और उसके दोस्त शुभम गौहर निवासी बालाजी स्काई के साथ किसी पुरानी बात को लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी सरेराह गाली-गलौज कर रहे थे।जब आकाश अपने परिवार के सदस्यों को बचाने और आरोपियों को समझाने के लिए मौके पर पहुँचा, तो राहुल और शुभम ने उसके साथ भी अभद्रता शुरू कर दी। आकाश ने जब गालियां देने का विरोध किया, तो आरोपी राहुल सोनाने ने पास ही पड़ा लकड़ी का डंडा उठाया और आकाश के सिर पर दे मारा। हमले में आकाश का सिर फट गया और खून निकलने लगा। बीच-बचाव के दौरान उसके दोनों हाथों में भी गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

## श्वान के भौंकने पर चाकू लेकर किया विवाद, मां-बेटे ने दी जान से मारने की धमकी

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में मामूली बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मां बेटे ने महिला को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादिया आयुषी गोलिया निवासी न्यू दुर्गा कॉलोनी ने शिकायत में बताया कि उसका श्वान घर के दरवाजे पर बंधा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली विनिता ठाकुर वहां से गुजरी, जिस पर श्वान भौंकने लगा। इसी बात को लेकर विनिता ने गाली गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर विनिता अपने बेटे अर्जुन ठाकुर को बुलाकर लाई। दोनों घर के बाहर खड़े होकर गालियां देने लगे। आरोप है कि अर्जुन हाथ में चाकू लेकर आया और महिला को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी अर्जुन ठाकुर और विनिता ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 1240 दिन बाद सभागार में गूंजी मनीष सिंह की आवाज

## इंदौर की सिटी बस कंपनी का हुआ प्रदेश की कंपनी में विलय

### महापौर सहित सारे नेता सिटी बस कंपनी के संचालक मंडल से बाहर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर सिटी बस कंपनी के सभागार में 1240 दिन के बाद कल एक बार फिर इंदौर के पूर्व कलेक्टर और धाकड़ अधिकारी मनीष सिंह की आवाज गूंजी। इंदौर की सिटी बस कंपनी का प्रदेश की कंपनी में मर्जर कर दिया गया। इसके साथ ही महापौर पुष्पमित्र भार्गव सहित सभी नेता सिटी बस कंपनी के संचालक मंडल से बाहर हो गए हैं।**



राज्य सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में सरकारी बस शुरू करने के लिए यात्री परिवहन अधो संरचना लिमिटेड के रूप में एक नई कंपनी का गठन किया गया है। इस कंपनी के अध्यक्ष इंदौर के पूर्व कलेक्टर मनीष सिंह है। इस कंपनी का संचालक मंडल की पहली बैठक कल सिटी बस कंपनी के सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में मनीष सिंह वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। इसका अतिरिक्त कंपनी के इंदौर के कार्यकारी संचालक अर्थ जैन निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ परीक्षित झाडे बैठक में शामिल हुए। इंदौर के कलेक्टर शिवम वर्मा भी इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। इंदौर के कलेक्टर के रूप में मनीष सिंह ने 7 नवंबर 2022 को इस सभागृह में पिछली बैठक ली थी। अब 1240 दिन के बाद एक बार फिर इस सभागृह में उनकी आवाज गूंजी। ध्यान रहे की 9 नवंबर 2022 को इंदौर के कलेक्टर पद से मनीष सिंह का तबादला कर दिया गया था।

इस बैठक में सिटी बस कंपनी के द्वारा किए जा रहे बसों के संचालन के कामकाज की समीक्षा की गई। इस बैठक में इंदौर से इंदौर संभाग के विभिन्न शहरों के लिए संचालित की जा रही बसों की व्यवस्था को निरंतर रखने और उनका विस्तार करने के बारे में चर्चा की गई। सबसे ज्यादा फोकस इंदौर से उज्जैन के लिए चलाई जाने वाली बसों पर रहा। बैठक में तय किया गया है कि अब इंदौर से उज्जैन खंडवा खरगोन धार झाबुआ अलीराजपुर के लिए ज्यादा संख्या में बसों का संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रीन मोबिलिटी को आगे बढ़ाने के लिए सिटी बस कंपनी के द्वारा नायता मुंडला और देवास नाका पर नए बस डिपो बनाए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री की बस योजना के तहत इंदौर को 150 इलेक्ट्रिक बस मिलने वाली है। इन बसों का संचालन इंदौर शहर की सड़कों पर किया जाएगा।

इस बैठक में इंदौर में सिटी बस चलाने में आ रही समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इन समस्याओं का समाधान भी बैठक के दौरान ढूंढा गया। बैठक में नए संचालक मंडल की नियुक्ति और उनके द्वारा कार्य संभालने के लिए वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा किया गया।

### 150 इलेक्ट्रीक बसें मिलेंगी

इन्दौर शहर में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत इंदौर को प्रथम चरण में 150 इलेक्ट्रिक बसें प्राप्त होने जा रही हैं। इन बसों के संचालन हेतु ISBT नायता मुंडला एवं देवास नाका पर दो इलेक्ट्रिक बस डिपो के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके अतिरिक्त, द्वितीय चरण हेतु एक अतिरिक्त डिपो स्थल को भी चिन्हित किया गया है। इस परियोजना की संपूर्ण वित्तीय सहायता केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा प्रदान की जाएगी।

### 500 इलेक्ट्रिक साइकिलें

शहर में 500 इलेक्ट्रिक साइकिलों के संचालन हेतु बोर्ड द्वारा निविदा प्रक्रिया की स्वीकृति प्रदान की गई। यह परियोजना यात्रियों को सुविधाजनक लास्ट माइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के साथ-साथ कंपनी को वित्तीय आय भी प्रदान करेगी।

### पीएम ई-ड्राइव योजना-64 ईवी चार्जिंग स्टेशन

पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक उपयोग हेतु 64 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। बोर्ड द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव प्रेषित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। सीएनजी बसों के लिए अवंतिका गैस लिमिटेड के साथ संपादित अनुबंध एवं प्रस्ताव को बोर्ड की स्वीकृति प्राप्त हुई। सिटी बस डिपो में सीएनजी की सुविधा उपलब्ध होगी।

# इंदौर के नदी सफाई अभियान को लग रहा पलीता

**नदी में बड़ा सीवरेज का गंदा और काला पानी, नदी संरक्षण के सभी दावे फेल, करोड़ों खर्च**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर की कान्हा नदी को लेकर किए जाने वाले सफाई के बड़े-बड़े दावे फेल हो चुके हैं। नदी में बह रहा काला गंदा और बदबूदार पानी इसका प्रमाण है। नगर निगम द्वारा 80 करोड रुपए की लागत से बनाए गए एसटीपी प्लांट द्वारा ट्वीट किया गया पानी भी नदी को साफ करने में असफल साबित हुआ है क्योंकि नदी में छोड़े जा रहे इस पानी का कोई असर दिखाई नहीं देता। सालों पहले जिस तरह से यह नदी गंदी और बदबूदार थी आज भी उसी अवस्था में है। जब नदी पर एसटीपी प्लांट नहीं बनाए गए थे तब भी नदी में सीवरेज बहता था वह आज भी आ रहा है।

एडवोकेट प्रदीप होल्कर ने बताया कि बीते 45 सालों से कान्ह और सरस्वती नदी को देख रहे हैं इस दौरान नदी को साफ करने के लिए अलग-अलग प्रोजेक्ट बनते रहे। इन सालों में ओडीए प्रोजेक्ट से लेकर अमृत-2 तक 10 से 15 प्रोजेक्ट नदी सफाई को साफ करने के लिए गए जिन पर लगभग 3000 करोड रुपए खर्च किए जा चुके हैं इसके बावजूद भी नदी नाले के रूप में ही बहती दिखाई दे रही है। इसके अलावा पूरे साल नगर निगम की जेसीबी नदी से गाद निकालने का काम करती है यह काम निरंतर कई सालों से चल रहा है इसका कोई असर नदी के नीचे सतह पर दिखाई नहीं देता क्योंकि हर दिन बड़ी मात्रा में सीवरेज का पानी नदी में गिरता है जिससे निकाली गई गाद गंदगी के रूप में फिर से जमा हो जाती है।

पर्यावरण विद डीके वाघेला ने बताया कि इंदौर की कान्ह नदी को साफ करने के लिए एक आंदोलन की जरूरत है जो रहवासी और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इंदौर में करना होगा। कान्ह नदी में ना ही पानी है और ना ही प्रवाह ऐसी स्थिति में नदी को साफ करना और प्रभाव बनाना चुनौती है लेकिन दृढ़ इच्छा शक्ति से इसको पूरा किया जा सकता है। इंदौर के किसी एक जनप्रतिनिधि को जिम्मेदारी लेनी होगी और जब तक नदी प्रवाहमान नहीं होती तब तक काम करना होगा।

कान्ह नदी को जिंदा करने के लिए बहुत ही गंभीर सूक्ष्म और स्वार्थ छोड़ना होगा। वाघेला का कहना है कि सबसे पहले नदी के आसपास केचमेंट एरिया में बने मकान हटाने होंगे और नदी में मिलने वाले सीवरेज से सभी स्रोत बंद करने होंगे। नदी के आसपास जमा अतिक्रमण दृढ़ इच्छा सख्ती से हटाना होगा। नदी के तट को हरा भरा करना होगा, बड़ी संख्या में पेड़ पौधे लगाने होंगे। नदी को जिंदा करने का यह प्राकृतिक रास्ता है इसके बगैर नदी को जिंदा नहीं किया जा सकता चाहे फिर कितने भी अभियान और रुपए खर्च किए जाएं। पर्यावरण विद सुधींद्र मोहन शर्मा ने बताया कि यदि नदी में सीवरेज का पानी मिलना बंद हो जाए तो नदी अपने आप ही साफ हो जाएगी एसटीपी प्लांट की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। नगर निगम को चाहिए की नदी के आसपास रहने वाले लोगों को निशुल्क मकान देकर वहां से हटाया जाए और नदी का मूल स्वरूप वापस किया जाए। उन्होंने बताया कि इंदौर का ग्राउंडवाटर लगातार दूषित होता जा रहा है। इंदौर में लगभग 60% निर्भरता ग्राउंडवाटर पर आज भी बनी हुई है। यदि यह दूषित होता है तो लोगों में बीमारियां तेजी से बढ़ेगी इसीलिए हमें अपने पुराने प्राकृतिक पानी के जल स्रोतों को जिंदा रखना होगा जिसमें बावड़ी तालाब और नदियां शामिल है।

वही इस मामले को लेकर नदियों और तालाबों को जिंदा करने का प्रयास करने वाले पर्यावरण विद सुरेश एमजी का कहना है कि प्रकृति बचाना सभी के लिए आवश्यक है। लोगों को आने वाले कई सालों तक यदि प्रकृति से लाभ प्राप्त करना है तो उसको बचाना होगा इसके लिए कोई सरकारी अभियान या व्यक्ति विशेष की आवश्यकता नहीं होकर स्वयं हर व्यक्ति इसका महत्व समझते हुए आगे आए और काम करें, लोग अपने आप इसमें जुड़ते चले जाएंगे।

# किसानों ने दिया तौल कांटा को लेकर ज्ञापन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कृषि उपज मंडी महू में तोल कांटा मामले में किसानों ने अनियमितता का आरोप लगाया और आक्रोष जताते हुए किसान और प्रतिनिधि मंडल ने मंडी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। किसानों का साफ तौर से कहना था कि मंडी के एक तौल कांटे पर एक ही वाहन को दो बार तौलने पर लगभग सवा क्विंटल तक का अंतर पाया गया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस प्रकार की अनियमितताएं मंडी व्यवस्था की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं। किसानों ने ज्ञापन में यह भी बताया कि मंडी समिति में किसानों के लिए बनाए गए चद्दर शेड पर व्यापारियों द्वारा कब्जा कर अनाज के डेर लगा दिए गए हैं, जिससे किसानों को बैठने एवं अपनी उपज रखने में भारी परेशानी हो रही है। इसके अलावा किसान भवन में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जहां न तो पंखों की समुचित व्यवस्था है और न ही साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक है। मंडी परिसर में आवारा पशुओं की समस्या भी गंभीर बनी हुई है, जिससे किसानों की उपज को नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही, स्वच्छ पेयजल (आरओ पानी) की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की है कि मंडी के सभी तौल कांटों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए एवं दोषी पाए जाने पर संबंधित कांटा संचालक के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु नियमित निरीक्षण व्यवस्था लागू की जाए। इसके अतिरिक्त, किसानों के चदर शेड को अतिक्रमण से मुक्त कराने, किसान भवन में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, आवारा पशुओं पर नियंत्रण करने तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दो लाख रुपए तक नगद भुगतान दिया जाए मांग भी की गई। यह ज्ञापन मंडी सचिव के माध्यम से प्रांगण प्रभारी नरेंद्र जोशी को सौंपा गया। धर्मेन्द्रसिंह राठौर, शिवपालसिंह राठौर, सुभाष राठौर, राहुल आंजना, शैलेन्द्र पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



# पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में मूट कोर्ट का आयोजन




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय अधीक्षक पीटीएस राजेन्द्रकुमार वर्मा ने बताया कि बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के नव आरक्षक प्रशिक्षुओं को न्यायालय का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए शनिवार को पीटीसी के बॉस्केट बॉल ग्राउण्ड पर मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। राजेन्द्रकुमार वर्मा, शैलजा पटवा, राम मूर्ति शाक्य, अशोक यादव, सूरज नागवंशी, अमृता सोलंकी, कल्पना चौहान, मिकिता, ललिता शर्मा, राजेश शुक्ला, मानसिंह वसुनिया और अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी भूमिका निभाई।

# कैथोलिक धर्म समाजजन ईस्टर संडे की प्रार्थना में रहे मौजूद






## गिरजाघरों में पास्का जागरण की आराधना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कैथोलिक धर्मसमाज ने पास्का जागरण की आराधना करते हुए पास्का पर्व (ईस्टर) मनाया। रात को सभी कैथोलिक गिरजाघरों में पास्का जागरण की आराधना प्रारम्भ हुई। इस आराधना के तीन मुख्य भाग थे। पहला भाग नई आग प्रज्ज्वलित कर उसको आशीष देना, दूसरा भाग पास्का मोमबत्ती को प्रज्वलित कर ज्योति का गुणगान करना, तीसरा भाग आशीर्वाद देकर पवित्र जल का निर्माण करना। जैसा कि धर्मग्रंथों में वर्णित है प्रभु यीशु ख्रीस्त अपनी मृत्यु के तीसरे दिन मृतकों में से पुनर्जीवित हो गए और इसी यादगार में प्रभु यीशु के पुनरुत्थान के पर्व की पवित्र मिस्सा अर्पित की गई। बीए अलवारिस ने बताया कि आज कैथोलिक समाजजनों की मौजूदगी में ईस्टर संडे पर प्रार्थना की गई। रेड चर्च में भी आज प्रार्थना का आयोजन फादर सुमित ताहिर की अगुवाई में हुआ, पवित्र मिस्सा भी अर्पित की गई। एक-दूसरे को हैप्पी ईस्टर कहते हुए पास्का की शुभकामनाएं भी दी।




## अमृत लोगो का लोकार्पण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

अभिनव कला समाज के अभिनव अमृत महोत्सव के अन्तर्गत शुभंकर लोगो का विमोचन किया गया। गोस्वामी गोकुलोत्सव महाराज, पुरु दाधिच ने उद्बोधन दिया। पांच विद्यार्थियों ने डॉ. आशीष पिल्लई के मार्गदर्शन में कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रवीण खारीवाल, सुनील मसूरकर, सत्यकाम शास्त्री, रोहित अग्निहोत्री, आलोक बाजपेयी, कमल कस्तूरी, दिलीप मुंगी, गोपालदास मोहता, नवनीत शुक्ला, राजेश पंड्या, ज्योत्सना सोहनी, प्रियंका तिवारी, बंसीलाल लालवानी, प्रमोद जैन, डॉ. पूर्वी निमगांवकर, सोनाली यादव, संजय पटेल मौजूद थे।



## भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत विकास परिषद की 'अहिल्या नगरी' शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्रांतीय संरक्षक रजनीश चौरडिया ने उद्बोधन भी दिया। संजय मेहता, गौरव दरक, प्रदीप धनोतिया, राजेश भंडारी, राजकुमार जैन, नीरज मित्तल, रश्मि शर्मा, स्वाति सूर्यवंशी, नैमिष शर्मा और रुपाली गुप्ता ने दायित्व ग्रहण किया। कैलाशचन्द्र शर्मा, डॉ. अनिल भंडारी, राजकुमार जैन, सीमा माहेश्वरी सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

## ईद मिलन में पहुंचे सभी वर्ग के लोग



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खजराना एजुकेशनल एंड मल्टीपरपज सोसाइटी द्वारा ईद मिलन समारोह रेस्टोरेंट बाईपास पर रखा गया। कई स्कूलों के डायरेक्टर और शिक्षा विभाग अधिकारी मौजूद थे, जिसमें सभी वर्ग के लोग मौजूद रहे। अधिकारी राजेश तंवर, संकुल प्राचार्य डावर मैडम, शीतल, असद खान, संजीव वैद्य, शफी शेख, स्कूल के गोपाल सोनी, मुश्ताक खान बतौर अतिथि मौजूद रहे। सभी को सम्मान स्वरूप पौधा दिया गया। अंसार पटेल, डॉ. अनीस कुरैशी, मोमिन पटेल, तस्लीमुद्दीन शेख, मुनव्वर हुसैन, असद खान, नौशाद खान, उज्मा, दिलरस, सलमा, जायदा, सलमान हाशमी ने अतिथि स्वागत किया।

## अनुश्री कौशिक को ईडी में एडवोकेट का पद मिला



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारत सरकार की प्रमुख संस्था प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में एडवोकेट पद पर इन्दौर की अणुश्री कौशिक का चयन किया गया है। इनकी नियुक्ति बैंगलुरु में हुई है। अणुश्री कौशिक इससे पूर्व वे इंदौर हाईकोर्ट में एडवोकेट पैनल में भी शामिल रह चुकी हैं। परिवार इन्दौर लोहा व्यापारी एसोसिएशन से जुडा हुआ है। एसोसिएशन के पदाधिकारी, व्यापारी और दलाल ने बधाई दी है।



## शासकीय स्कूल में प्रवेशोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ग्राम तलावली चांदा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में मीनाक्षी सेवा समिति एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों ने बस्ती में रैली भी निकाली। कई सार्थक संदेश भी दिए गए। बलराम सोनी, मीनाक्षी धुते मौजूद थे।





## मॉक ड्रिल से आग से बचाव और निकासी का प्रशिक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ग्रीष्म ऋतु में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु नगर निगम इन्दौर के फायर विभाग द्वारा शहर के विभिन्न व्यावसायिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में फायर सुरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया। जिम्मेदारों से लेकर कर्मचारियों को आग से बचने, आग से बाहर निकलने और उपकरण किस तरह चलाया जाए इसकी समझाइश दी और आग के दौरान घबराने की बजाय संयम रखने की बात भी बताई गई।

## उद्योगपतियों का डेलीगेशन जायेगा कनाडा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंडो अमेरिकन बिजनेस चैंबर ऑफ एसएमई एमपी चेप्टर के अध्यक्ष विनय कालानी ने बताया कि चेम्बर के बेनर तले उद्योगपतियों का डेलिगेशन 27 मई से 5 जून तक कनाडा विजिट करेगा। वर्तमान में जियो पोलिटिकल स्थिति ऐसी है जिसमें कनाडा के ऊपर अमेरिका ने टैरिफ लगा दिया है। कनाडा 49 प्रतिशत अमेरिका से इंपोर्ट करता था, कनाडा चाहेगा की दूसरी कंट्री से इम्पोर्ट करे ऐसे में एक अच्छा अवसर हमारे देश के लिए है कि हम इस समय अपना एक्सपोर्ट कनाडा को बढ़ाएं। नए एक्सपोर्टर कनाडा को एक्सपोर्ट करने में अपनी रुचि ले रहे है एवं इस समय हमारे एक्सपोर्टर कनाडा विजिट करेंगे तो हमें निश्चित नया मार्केट मिलेगा इसको देखते हुए इंडो अमेरिकन बिजनेस चौबर फॉर एसएमई ने कनाडा डेलिगेशन भेजने का निश्चय किया है।

## अधिवक्ता परिषद चुनाव में परिचय पत्र जरूरी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर में के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाताओं को अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर या अभिभाषक संघ द्वारा जारी किया गया परिचय पत्र अपने साथ लेकर जाना जरूरी होगा। मतदान 12 मई को होगा। मतदान केन्द्र प्रदेश के सभी जिला न्यायालय में रहेंगे।



## छप्पन भोग, प्रसादी और श्रृंगार दर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री बच्चा महावीर हनुमान मंदिर में श्रृंगार और छप्पन भोग दर्शन महाआरती के बाद प्रसादी का आयोजन किया गया। लखन तिवारी, मोहन दवे, दिलीप जोशी, रवि जोशी, मनीष शर्मा, पुखराज दवे उपस्थित थे।

## संगीत प्रतियोगिता में डॉ. जैन रहे विजेता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** फेसबुक पर पिछले दिनों आयोजित पुरानी हिन्दी सिनेमा की धुन पहचानों प्रतियोगिता में सही धुन पहचानकर हातोद के डॉ. शरद कुमार जैन ने सभी धुनों को सही पहचानकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संजय डागा द्वारा आयोजित और उनके द्वारा सिंथेसाइजर पर तैयार संगीत प्रतियोगिता से देशभर के संगीत-प्रेमियों ने भाग लिया था।



# फूल बंगला और छप्पन भोग के साथ श्रृंगार दर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाणगंगा स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में बावड़ी वाले हनुमानजी का फूलबंगला सजा, 56 भोग लगा, महाआरती हुई। नीलम दुबे, राजेन्द्र रघुवंशी, पद्माकर भोजने, जगदीश दवे, सतीश दुबे, प्रकाश सवरे, दीपक श्रीवास्तव, संजय राठोड, मनीष, महेश सलवानी, राकेश सेन, पंकज चौबे, अनुज तोमर, आकाश चौरासीया, लीला यादव, रंजना वैष्णव, सरिता, चंदा भदौरिया, मयूरी शर्मा, मधु शर्मा, मंजू कुशवाहा, ऋतु श्रीवास्तव, जयश्री, प्रज्ञा चौपड़ा मौजूद थे।

# अग्रवाल की स्मृति में शिविर में 557 लोगों का परीक्षण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विजय नगर क्षेत्र स्थित दिव्य शक्ति पीठ मंदिर परिसर में नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में आयोजित पांचवें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का कल प्रथम दिवस पर स्वास्थ्य जांच में 557 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। 32 तरह की जांच हुई। 12 सदस्यों ने रक्तदान किया। आयोजन बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन,



श्री अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। किशोर गोयल, गणेश गोयल, राजेश बंसल, शीतल अग्रवाल, संध्या गर्ग, संध्या जैन, ज्योति बंसल, आभा अग्रवाल, साक्षी नीरज गोयल, पिंकी अग्रवाल, रिंकी गोयल, नेहा कानूनगो, दिव्या शर्मा, वर्षा पाटिल मौजूद थे।

## पट्टाचार्य सुनील सागर म.सा को श्रीफल भेंट

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पट्टाचार्य सुनील सागर म.सा. को दिगंबर जैन समाज नेमीनगर जैन कॉलोनी में इस बार वर्षायोग हेतु श्रीफल भेंट किया। सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, इन्द्रकुमार सेठी, संदीप गंगवाल ने बताया कि सुनील सागर म.सा. ससंघ के लगभग 70 साधकों का वर्षायोग इस बार नेमीनगर जैन कॉलोनी में स्थापित करने हेतु समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक संसद के अध्यक्ष गुरुदेव से निवेदन करने पहुंचे।



# महिला परिषद की पदाधिकारियों ने ली शपथ



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जाल ऑडिटोरियम में अखिल भारतवर्षीय उमंग महिला परिषद का शपथ ग्रहण में अध्यक्ष रिंकू अजमेरा, सचिव मोनिका कासलीवाल तथा कोषाध्यक्ष साधना अजमेरा ने पद की शपथ ग्रहण की। निर्मला जैन, माधवी ने शपथ दिलाई। सोनल बाकलीवाल, सरिता जैन, हेमलता गोधा, रिंकू अजमेरा, नीता कासलीवाल, दीपाली कासलीवाल, मीना, मोनिका कासलीवाल, मीनू कटारिया सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# सायबर के अलग-अलग मुद्दों पर सेमिनार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कूल ऑफ सोशल साइंस, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा साइबर साइकोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी एवं साइबर क्राइम विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया इंदौर क्राइम ब्रांच थे, जिन्होंने



साइबर अपराध और ऑनलाइन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत एवं प्रभावशाली जानकारी दी। परिधि राठौर शर्मा, प्रो. रेखा आचार्य, डॉ. हर्षिता विजयवर्गीय, बिजेन्द्र सिंह, राजशेखर गिरी, नंदिनी व्यास, डॉ. शैफाली राजवाल ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# सखी किटी क्लब की बैठक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सखी किटी क्लब की बैठक गार्डन में आयोजित हुई जिसमें दम्पति सदस्यों ने सामूहिक रूप से शिरकत कर नृत्य भी किया। प्रकाश जैन भटेवरा और कांता रानी जैन की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ भी विशेष रूप से आयोजित की गई। प्रिया जैन, माया जैन, चित्रा जैन, अनिता जैन, प्रभा जैन, कोमल जैन, सीमा जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

# चित्रांजलि आयोजन में छायाकारों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अयोध्या न्यास, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र एवं चित्रांजलि समिति के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय 'चित्रांजलि' का आयोजन दिल्ली की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की कलाधिका में




हुआ। 'राम उत्सव चित्रांजलि' प्रदर्शनी में देशभर से प्राप्त 3200 से अधिक छायाचित्रों में से चयनित तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। मीडिया छायाकार सोनू यादव, राजू पंवार, सतीश लाल को सम्मानित किया।

## 11 सेवाभावी चिकित्सकों का सम्मान एवं संगोष्ठी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मरीजों के लिए सेवारत 11 चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि संगोष्ठी में मानवता के लिए समर्पित डॉक्टर की भूमिका पर चर्चा होगी। आयोजन जिला आयुष विभाग जिला अस्पताल परिसर धार रोड पर सात अप्रैल को प्रातः 10 होगा।डॉ. बिंदु जैन, डॉ. शरद पण्डित अतिथि होंगे।

# नीमा समाज की महिलाओं ने दिए सकोरे के संदेश

## गौसेवा पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नीमा महिला संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस गर्मी के मद्देनजर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखने का संदेश देते हुए संकल्प भी दिलाए। संगठन द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया। मंजू नीमा, प्रणीता नीमा, मधु नीमा, राजेश नीमा, संध्या नीमा का सहयोग रहा।

# 65 चिकित्सकों ने आंखों के इलाज की आधुनिक तकनीक को देखा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डिफर्ड लाइव सर्जरी सीएमई सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन धार रोड स्थित चोइथराम नेत्रालय एवं कम्युनिटी हॉस्पिटल में किया गया। इस सीएमई आयोजन में प्रदेश के 65 से ज्यादा चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को वास्तविक सर्जिकल अनुभवों के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान



प्राप्त करने का अवसर मिला। विशेषज्ञों की पैनल ने मोतियाबिंद सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी, कॉर्नियल सर्जरी, विट्रियोरेटिनल हस्तक्षेप और ऑकुलोप्लास्टी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वैज्ञानिक सत्रों में चरणबद्ध सर्जिकल प्रक्रियाओं की प्रस्तुति और इंटरैक्टिव चर्चाएं आयोजित की गईं। इससे प्रतिभागियों को क्लिनिकल समझ मजबूत करने और विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर मिला। डॉ. कविता पोरवाल, डॉ. श्वेता वालिया, डॉ. मिलिंद रोकड़े, डॉ. बिरेंद्र झा, डॉ. आशुतोष अग्रवाल, डॉ. आंचल अग्रवाल, डॉ. रोहित अग्रवाल, डॉ. प्रतीक तिवारी, डॉ. प्रज्ञा प्रकाश, डॉ. निहारिका आर्य, डॉ. निकुंज टांक, डॉ. श्रुति कोचर मारू, डॉ. सुमीत अग्रवाल, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. सुरभि सबू, डॉ. अंकुर मूनाट, डॉ. आकाश काथोले, अश्विनी वर्मा, डॉ. अमित पोरवाल, डॉ. श्रुति कोचर ने अपनी भूमिका निभाई।

## मूसाखेडी क्षेत्र में बन रही एक और टंकी से बुझेगी हजारों रहवासियों की प्यास

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 51 के अंतर्गत मूसाखेड़ी क्षेत्र से जुड़े शिव नगर में नगर निगम द्वारा भविष्य की जरूरतों और रहवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए यहां लगभग 30 लाख लीटर क्षमता वाली एक और नई बड़ी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की 10 से ज्यादा कालोनियों के हजारों रहवासी परिवारों की प्यास बुझेगी। निगम अधिकारियों के मुताबिक योजना अमृत 2 के अंतर्गत यहां लगभग 5 करोड़ की लागत से नवीन टंकी निर्माण के साथ क्षेत्र की बड़ी आबादी वाले क्षेत्र में नर्मदा की नई डिस्टियूबूशन पाइप लाइन बिछाने और चालू करने का काम किया जाना है।

### वार्ड 51 में नई टंकी बनने से पूरी तरह से दूर हो जाएगा सालों का जलसंकट

क्षेत्रिय पार्षद मलखान सिंह कटारिया के मुताबिक वार्ड क्रमांक 51 से जुड़ी क्षेत्र की 10 से ज्यादा प्रमुख कॉलोनियां जिनमें मुख्य रूप से आलोक नगर, कमल नगर, शिवनगर,शिवदर्शन नगर सुदर्शन नगर, चौधरी पार्क कॉलोनी, शाहीन नगर सहित अन्य कालोनियों में विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से क्षेत्र में सालों से पीने के पानी का संकट अब अगले साल तक हर हाल में दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है।जिसके लिए वर्तमान में क्षेत्र में बड़ी पानी की टंकी का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत आधी से ज्यादा टंकी का स्ट्रेकचर बनकर तैयार भी हो गया है।

**5 करोड़ की लागत से बड़ी टंकी का हो रहा नवनिर्माण**

### इन क्षेत्रों में पहली बार पहुंचेगी नर्मदा की लाइन

वहीं बड़ी बात यह है कि इनमें से कुछ क्षेत्र की करीब आधा दर्जन कालोनियां ऐसी भी है जिनमें विराट नगर, अभिषेक नगर, आकाश नगर, भगवती नगर और रामनगर सहित अन्य कॉलोनी है जहां पहली बार मां नर्मदा की लाइन पहुंचेंगी। जिसको लेकर निगम द्वारा यहां नई डिस्ट्रिब्यूशन लाइन बिछाई जाना है। जिससे इस क्षेत्र के लोगों के घरों में भविष्य में पहली बार नर्मदा जल मिलना शुरू होगा।

### अभी पड़ोसी वार्ड 54 की टंकी से बुझती है लोगों की प्यास

वहीं पार्षद कटारिया ने बताया अभी हमारे वार्ड में पानी की टंकी नहीं होने से पड़ोसी वार्ड 54 की टूटी प्रेस वाली टंकी से वार्ड की लगभग आधा दर्जन से ज्यादा कालोनी की प्यास बुझती है। जबकि शिव नगर, शिव दर्शन नगर, विराट नगर का निचला क्षेत्र और आकाश नगर, अभिषेक नगर, बाबूलाल नगर, मां भगवती नगर सहित अन्य कॉलोनी में पीने के पानी के संकट को दूर करने के लिए सरकारी बोरिंग और निगम के टैंकरों के भरोसे रहना पड़ता है।

# सिंहस्थ से पहले इंदौरी भक्तों की घटेगी बाबा महांकाल से दूरी

**रात-दिन दुगनी तेजी से चल रहा सिक्सलेन प्रोजेक्ट पर काम**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** आने वाले सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौरी भक्तों की बाबा महाकाल से दूरी घटने वाली है। जिसके लिए वर्तमान में यहां सिक्स लेन चौड़ाई के हिसाब से सड़क प्रोजेक्ट पर दिन रात कई नए पुल-पुलिया के चौड़ीकरण से लेकर नवनिर्माण तक के काम तेजी के साथ पूरे हो रहें है। जिसके तहत वर्तमान में अरविंदो हॉस्पिटल के सामने से लेकर वैष्णव यूनिवर्सिटी तक के बड़े हिस्से में रात में भी और ज्यादा तेजी के साथ सिक्स लेन सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है।

### सावन शुरू होने से पहले बन जाएंगे आधे से ज्यादा पुल-पुलिया और ब्रिज





**इंदौर - उज्जैन रोड पर अरविंदो से लेकर वैष्णव यूनिवर्सिटी तक बड़े हिस्से में हो रही सड़क तैयार**

खास बात यह है कि इन्दौर-उज्जैन सिक्स लेन सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का प्रयास यह है कि आने वाले दिनों में इसी साल सावन मास शुरू होने से पहले इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन सड़क प्रोजेक्ट के तहत ज्यादातर काम पूरे कर लिए जाए। जिसमें वर्तमान में यहां करीब आधा दर्जन छोटे बड़े पुल और पुलिया के निर्माण और चौड़ी करण का काम तेजी के साथ हो रहा है। जिनका काम अगले दो तीन माह में बेहद जल्द सावन मास के पहले पूरा करने का प्रयास है ताकि बारिश के सीजन में महाकाल भक्तों को ज्यादा परेशानी न हो। यही नहीं वर्तमान में इंदौर से लेकर सांवेर और उज्जैन तक के बड़े हिस्से में दोनों तरफ अलग अलग हिस्सों में सड़क निर्माण कार्य दिन - रात तेजी के साथ चल रहा है। यही नही कई किलोमीटर तक डामर की लंबी चौड़ी सड़क बनकर तैयार भी हो चुकी है। जिस पर से आराम से लोग तेजी के साथ निकल रहे है।

# छावनी क्षेत्र में मास्टर प्लान की बड़ी सड़कों का काम होल्ड पर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा तीन के छावनी क्षेत्र में दो बड़ी मास्टर प्लान की प्रमुख सड़कों का काम भले ही निगम ने होल्ड पर कर रखा हो लेकिन आसपास की छोटी सड़कों के निर्माण कार्य में इन दिनों तेजी नजर आ रही है। खास बात यह है कि भाजपा कार्यालय के सामने जावरा कंपाउंड चौराहे से लेकर छावनी श्रद्धानंद मार्ग के मुरई मोहल्ला तिराहे तक के बड़े हिस्से में बन रही करीब 30 फीट चौड़ी सड़क निर्माण का कार्य अब पहले से कई गुना तेजी के साथ चल रहा है। जिसकी रंगत अब दिखाई भी देने लगी है।

**निगम का प्रयास मुख्य सड़कों का काम शुरू होने से पहले यहां का काम हो जाए पूरा-** यही नहीं निगम द्वारा इससे पहले छावनी क्षेत्र की पॉश कालोनी जावरा कंपाउंड की आधा दर्जन गालियों के साथ जगदाले स्कूल और फेमिली कोर्ट वाली गली और उषागंज क्षेत्र की सड़कों का निर्माण कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है। वहीं अब बीजेपी कार्यालय के पास वाली छावनी क्षेत्र की मुख्य सड़क से जुड़ी प्रमुख सड़क निर्माण कार्य में तेजी ला दी है ताकि आने वाले दिनों में मधुमिलन से जगन्नाथ पुल तक बनने वाली बहु चर्चित सड़क और जीपीओ से सरवटे बस स्टेंड तक बनने वाली मुख्य सड़कों के निर्माण कार्य के शुरू होने से पहले इन सड़कों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाने के प्रयास किए जा रहे है ताकि लोगों को परेशानी न आए।





## पीसी सेठी कॉलोनी में जल संकट दूर करने के लिए निगम बिछाएगा लाखों रुपए खर्चकर नई नर्मदा लाइनें

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 44 से जुड़े क्षेत्र पीसी सेठी कॉलोनी एवं अन्य कॉलोनी में क्षेत्र के लोगों का जल संकट दूर करने के लिए निगम द्वारा यहां 110 और 160 मिली मीटर व्यास की नई एसडीपीआई पाइपलाइन बेचने और जोड़ने का काम शुरू करने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत निगम द्वारा क्षेत्र की लंबे समय से क्षतिग्रस्त सालों पुरानी लाइन बदलकर अब यहां नहीं एसडीपीआई वाली पाइपलाइन बिछाने और जोड़ने का काम किया जाएगा जिसके तहत निगम द्वारा क्षेत्र में काम शुरू करने से पहले निविदा प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिसके पूरे होते ही निगम का प्रयास है कि जल्दी यहां पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हो जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों पर जल संकट दूर हो सके।

**लगातार की जा रही थी मांग,अब जाकर काम शुरू होने की जागी उम्मीद-** गौरतलब है कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से अपने क्षेत्र में नर्मदा लाइन के सुधार और नवीनीकरण की मांग को लेकर प्रयास कर रहे थे। जिसके लिए क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों से इसके लिए लगातार मांग की जा रही थी।इसके बाद अब जाकर निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर यहां नई नर्मदा लाइन डालने को लेकर अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी है।

# तालाब के आसपास लोगों को नहीं पड़ेगा ऊबड़-खाबड़ सड़क पर घूमना

**निगम शुरू करेगा अन्नपूर्णा तालाब और आसपास नई सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण**

**क्षतिग्रस्त सड़क से मिलेगी राहत, तालाब के आसपास गलियों में बनेगी नई सड़कें**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जोन क्रमांक 21 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 81 में स्थित अन्नपूर्णा तालाब और इसके आसपास की गलियों में क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर लंबे समय बाद क्षतिग्रस्त सड़कों से राहत मिलने वाली है। यही नहीं अब यहां घूमने आने वाले लोगों को तालाब के आसपास ऊबड़-खाबड़ सड़कों के बजाय नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको बनाने की तैयारी भी निगम ने शुरू कर दी है।

### तालाब के आसपास घूमने आने वालों को मिलेगा बड़ा फायदा

निगम के इस काम से बड़ी बात यह होगी कि तालाब के आसपास सुबह और शाम घूमने आने वाले लोगों को इसका सबसे बड़ा फायदा मिलेगा। गर्मी में अन्नपूर्णा तालाब के आसपास सुबह और शाम बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ सुकून की तलाश में घूमने आते है। ऐसे में तालाब के आसपास की गलियों में नई सड़क बनने से इसका सबसे बड़ा फायदा यहां आने वाले लोगों को मिलेगा। साथ ही तालाब के आसपास की गलियों में रहने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि निगम यहां लगभग 62 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर लंबे समय से अधूरी पड़ी क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया जल्द आने वाले दिनों में शुरू करेगा ताकि मानसून का सीजन शुरू होने से पहले तालाब के आसपास की सड़के बनने से लोगों को बड़ी राहत मिले।



## संपादकीय

### पश्चिम एशिया युद्ध का असर अब दुनिया के कई देशों पर, भारत की चेतावनी-संवाद की कमी खतरनाक

कूटनीतिक तकाजे के साथ-साथ मानवीय पहलू से भी देखें, तो होर्मुज जलमार्ग को तत्काल खोलने की जरूरत है, अन्यथा वैश्विक पैमाने पर जिस तरह का ऊर्जा संकट खड़ा होगा, उसकी भरपाई लंबे समय तक नहीं की जा सकेगी। ब्रिटेन की पहल पर साठ से ज्यादा देशों की बैठक हुई, जिसमें होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने और फंसे हुए जहाजों तथा चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि पश्चिम एशिया में युद्ध ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच हो रहा है, लेकिन उसकी मार वैसे देशों को भी झेलनी पड़ रही है, जो किसी भी रूप में जंग में शामिल नहीं हैं। कई देशों में अब हालत यह है कि वहां तेल और गैस की कमी की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने लगा है। भारत भी उन देशों में से एक है, जहां कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण आम लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर जब से ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से कई देशों में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी काफी प्रभावित हुई है। यह स्थिति मुख्य रूप से होर्मुज जलमार्ग को रोके जाने के कारण सामने आई है और इसमें तभी राहत मिल सकती है, जब ईरान इस मार्ग को फिर से खोले। वैश्विक स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर होर्मुज जलमार्ग को इसी तरह बाधित करके रखा गया, तो आने वाले दिनों में स्थितियां और बिगड़ सकती हैं। शायद यही वजह है कि पश्चिम एशिया के इस संकट का हल निकालने की कोशिश के तहत ब्रिटेन की पहल पर साठ से ज्यादा देशों की बैठक हुई, जिसमें होर्मुज जलमार्ग को फिर से खोलने और फंसे हुए जहाजों तथा चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में बिना बाधा के जहाजों की आवाजाही की अहमियत को रेखांकित किया गया, क्योंकि आज के दौर में समूची दुनिया में तेल और रसोई गैस लोगों के जीवन के सबसे अहम आधार बन चुके हैं। वहीं होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने के बाद से ही जिस तरह का ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, उसका भारत पर भी सीधा असर पड़ा है। जाहिर है, अन्य कई देशों की तरह भारत भी इस प्रयास में है कि जितना जल्दी हो, इस संकट का हल निकले और होर्मुज जलमार्ग को खोला जाए। बैठक में भारत ने साफ शब्दों में कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए तनाव कम करने और सभी पक्षों के बीच संवाद के रास्ते पर लौटने की जरूरत है। यों भी, आज के दौर में कोई भी युद्ध सिर्फ उन देशों को प्रभावित नहीं करता, जिनके बीच वह लड़ा जा रहा होता है। अब यह वैश्विक चिंता का सवाल बन चुका है कि इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद ईरान ने रणनीतिक मोर्चे पर जो रुख अख्तियार किया है, उसका खमियाजा अब दुनिया के कई देशों को भुगतना पड़ रहा है। संभव है कि अमेरिका और इजराइल को जवाब देने के लिए ईरान ने हमलों के अन्य मोर्चों के साथ-साथ होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया हो, लेकिन जो देश इस युद्ध में किसी भी पक्ष में नहीं हैं, अगर उन्हें इसकी मार झेलनी पड़ रही है और आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर विपरीत असर पड़ रहा है, तो इसे कैसे देखा जाएगा। विडंबना यह है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध में संवाद को लेकर फिलहाल किसी भी पक्ष में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। मगर कूटनीतिक तकाजे के साथ-साथ मानवीय पहलू से भी देखें, तो होर्मुज जलमार्ग को तत्काल खोलने की जरूरत है, अन्यथा वैश्विक पैमाने पर जिस तरह का ऊर्जा संकट खड़ा होगा, उसकी भरपाई लंबे समय तक नहीं की जा सकेगी।

# सौतेले भाई के बेटे का अपहरण कर दी हत्या की धमकी

**लसूड़िया पुलिस ने 4 घंटे में मासूम को छुड़ाया**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

लसूड़िया थाना क्षेत्र में पारिवारिक रंजिश के चलते एक युवक के अपहरण और उसकी हत्या की झूठी खबर फैलाकर सनसनी फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में दबोच लिया है। पुलिस ने न केवल अपहृत युवक को सुरक्षित बरामद किया, बल्कि आठ संगीन अपराधों में लिप्त मुख्य आरोपी को भी सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है।

एसीपी पराग सैनी के अनुसार, फरियादी संजू बारोड़ ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके सौतेले भाई योगेश उर्फ शेरा ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके बेटे दीपक बारोड़ का लसूड़िया मोरी स्थित हिमालया वेल्नेस कंपनी से अपहरण कर लिया है। अपहरण के बाद आरोपी योगेश ने संजू को फोन कर जान से मारने की धमकी दी कि उसने दीपक की हत्या कर दी है और उसकी लाश को क्षिप्रा नदी में फेंक दिया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी सहायता और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस की टीम देवास पहुँची। यहाँ एक किराए के कमरे में आरोपी ने युवक को छिपा रखा था। पुलिस को आता देख आरोपी योगेश ने भागने की कोशिश में छत से छलांग लगा दी, जिससे उसके हाथ और पैर में चोटें आई हैं। पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लेकर प्राथमिक उपचार कराया। मुख्य आरोपी योगेश उर्फ शेरा एक शातिर अपराधी है।



पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, उस पर साल 2011 से 2026 तक हत्या के प्रयास, चोरी, मारपीट, जालसाजी और धमकाने जैसे कुल 08 गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस अब इस वारदात में इस्तेमाल किए गए वाहन और योगेश के अन्य साथियों की तलाश कर रही है। लसूडिया पुलिस की मुस्तैदी के कारण महज 4 घंटे के भीतर दीपक को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है, ताकि अपहरण की साजिश में शामिल अन्य लोगों के नाम सामने आ सकें।

# एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार



**इन्दौर।** शहर में नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए इन्दौर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लसूड़िया थाना पुलिस ने एक शातिर ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से कमर्शियल मात्रा में एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर शहर में फैले ड्रग्स नेटवर्क और उसके मुख्य सप्लायरों की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक देर रात पुलिस की टीम निरंजनपुर मंडी स्थित पिंक सिटी क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर छिपने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उसे रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से एक पुड़िया बरामद हुई, जिसमें 11.25 ग्राम एमडी ड्रग्स भरी थी। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई नशीली खेप की बाजार में कीमत करीब 30,000 रुपये आंकी गई है। आरोपी की पहचान आकाश उर्फ विराट पिता लक्ष्मण जमरे, निवासी मारुति नगर सांवेर रोड के रूप में हुई है। लसूड़िया पुलिस ने आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी यह नशा कहाँ से लेकर आया था और शहर के किन-किन इलाकों में इसकी सप्लाई करने वाला था।

## गर्मी की छुट्टियों में लगातार बढ़ती भीड़ को राहत देने के लिए रेलवे की तैयारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पश्चिम रेलवे द्वारा गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से रतलाम मंडल से गुजरने वाली विभिन्न स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित किया जा रहा है।

जिसके तहत पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार यात्रियों की सुविधा और गर्मियों की छुट्टियों में बढ़ने वाली संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए कुछ स्पेशल ट्रेनों का विस्तार किया जा गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है।

1. ट्रेन संख्या 09309 इंदौर–हज़रत निज़ामुद्दीन स्पेशल को 28 जून, 2026 तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन 22 एवं 24 मई, 2026 को नहीं चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09310 हज़रत निज़ामुद्दीन–इंदौर स्पेशल को 29 जून, 2026 तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन 23 एवं 25 मई, 2026 को नहीं चलेगी।

2. ट्रेन संख्या 09343 डॉ. अंबेडकर नगर–पटना स्पेशल को 25 जून, 2026 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09344 पटना–डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल को 26 जून, 2026 तक विस्तारित किया गया है।

इंदौर खडकी साप्ताहिक स्पेशल-ट्रेन संख्या 09324 इंदौर खडकी स्पेशल, 29 जुलाई 2026 तक विस्तारित। ट्रेन संख्या 09323 खडकी-इंदौर स्पेशल 30 जुलाई 2026 तक विस्तारित की गई है। जिससे इन रूट्स पर यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को ट्रेनों के फेरे विस्तार से सीधा फायदा और भीड़ से भी बड़ी राहत मिलेगी।

## दो स्थानों पर चोरों के धावे, जेवर नकदी ले उड़े

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** शहर में चोरी की दो अलग अलग घटनाओं में बदमाशों ने सूने मकान और निर्माणाधीन दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों का माल पार कर दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बाणगंगा थाना क्षेत्र के दिघे कॉलोनी में किसी अज्ञात बदमाश मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने चांदी के जेवर सहित करीब डेढ़ लाख रुपए नकद चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान में सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठियां, झुमके, नथ, मांग टीका सहित चांदी के आभूषण शामिल हैं। वहीं दूसरी घटना सांवेर क्षेत्र की है, जहां कुड़ाना चौराहे के पास निर्माणाधीन दुकान के दो कमरों के ताले तोड़कर बदमाशों ने 12 छत पंखे, वायरिंग के बंडल, एलईडी लाइट सहित करीब 60 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। दोनों ही मामलों में पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## सम्पत्ति विवाद में चचेरे भाई पर किया हवाई फायर, आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। सम्पत्ति को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद में आरोपी ने चचेरे भाई को जान से मारने की धमकी दी और हवाई फायर कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।**

सराफा पुलिस के मुताबिक विवाद और गोली चलने की वारदात कल रात करीब 1.30 बजे जवाहर मार्ग पर हुई। पुलिस ने फरियादी कार्तिक पिता मनोज सांखला (22) निवासी जवाहर मार्ग की रिपोर्ट पर आरोपी प्रियांश पिता धीरज सांखला (22) के खिलाफ जान से मारने की धमकी और आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि फरियादी और आरोपी आपस में चचेरे भाई है। दोनों के परिवारों के बीच मकान के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। कल रात दोनों के बीच विवाद हुआ था। फरियादी कार्तिक ने पुलिस को बताया कि आरोपी प्रियांश ने गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने हवाई फायर कर दिया। पुलिस ने मामले में प्रियांश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से आरोपी फरार है।

## मैनेजर की करतूत... दुकान से माल चुराकर ऑटो में रखवाया, केस दर्ज

**इन्दौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में दुकान के मैनेजर द्वारा ही चोरी करने का मामला सामने आया है। आरोपी मैनेजर हार्डवेयर का सामान चोरी कर ऑटो में रखवाते पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी युसुफ मालूभाई वाला निवासी सैफी नगर ने शिकायत में बताया कि उसके कर्मचारी शमी गौरी ने सूचना दी कि दुकान का मैनेजर विजय द्विवेदी हार्डवेयर की बोरी, जिसमें शटर के कुंडे थे, चोरी कर ऑटो रिक्शा नम्बर एमपी 09 टीए 3734 में रखवा रहा है। सूचना के आधार पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी विजय द्विवेदी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## राम नगर में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण अब चार पट्टी में होगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** इंदौर नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 17 के अंतर्गत आने वाली कालोनी राम नगर में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क की जगह चार पट्टी में नई सीमेंटेड सड़क बनाने की तैयारी शुरू कर दी है, जिसके तहत यहां निगम लगभग 53 लाख रुपए खर्चकर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर जल्द नई सड़क निर्माण कर सौगात देने जा रहा है। जिसका आने वाले दिनों में बेहद जल्द काम भी शुरू होने वाला है। जिसको लेकर निगम द्वारा बकायदा टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यही नहीं अगले माह निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद कभी भी काम शुरू हो सकता है। जिससे क्षेत्र के लोगों की बड़ी राह आसान हो जाएगी। यही नहीं बारिश में लोगों को कीचड़ और गंदगी से भी लोगों को राहत मिलेगी। जबकि अभी हर साल बारिश के दिनों में लोगों को यहां से निकलने में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इसलिए निगम ने बारिश से पहले यहां काम शुरू करने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।

## जयरामपुर कॉलोनी लाइन संख्या 123 और निरंकारी चार्ट सेंटर तक नई सिविल लाइन बिछाने की तैयारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 4 के अंतर्गत आने वाले जय रामपुर कॉलोनी क्षेत्र के लाइन संख्या 123 और निरंकारी चार्ट सेंटर के पास वाली लाइन में सालों पुरानी सीवर लाइन की बजाय नई लाइन बिछाने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है आने वाले दिनों में निगम द्वारा यहां करीब 25 लख रुपए खर्च कर वर्ष पुरानी लाइन बदलकर नई लाइन डाली जाएगी। जिसको लेकर निगम ने



अपनी ओर से निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू भी कर दी है। वही अब काम शुरू करवाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे है।

**सालों पुरानी लाइन बदलने से सैकड़ों परिवार लेंगे राहत की सांस -** गौरतलब है कि निगम द्वारा लंबे समय के बाद क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर जय रामपुर कॉलोनी क्षेत्र में लाइन संख्या 123 और और चाट सेंटर तक सालों पुरानी सीवर लाइन को बदलकर नई लाइन डालने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए क्षेत्र के रहवासी और व्यापारी लंबे समय से मांग कर रहे थे। वही अब जाकर निगम द्वारा परिवारों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मांग पर यहां काम शुरू करने को लेकर अपनी ओर से निविदा प्रक्रिया कर तैयारी भी शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में बारिश से पहले यहां काम शुरू हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों के साथ व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## साल भर तेज गेंदबाजों के खिलाफ अभ्यास किया, अब मेहनत रंग लाई : रिजवी



नई दिल्ली ● एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को आईपीएल 2026 के आठवें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराया। दिल्ली को इस सीजन की लगातार दूसरी जीत दिलाने में समीर रिजवी ने बल्ले से अहम भूमिका निभाई। समीर ने बताया कि उन्होंने पिछले एक साल में अपनी बल्लेबाजी पर काफी काम किया है। समीर को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### जीत के बाद क्या बोले रिजवी?

मुबंई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत के बाद समीर ने कहा, मैंने खुद पर बहुत मेहनत की है, क्योंकि पिछले साल से अब तक बहुत सारे बदलाव आए हैं। मैंने अपनी सभी कमजोरियों पर काम किया, और मुझे तेज गेंदबाजों के खिलाफ कुछ दिक्कतें होती थीं, इसलिए मैंने पूरे साल उस पर बहुत काम किया। अब मेरी मेहनत रंग ला रही है, और मैं अच्छी बैटिंग कर रहा हूं। आपने जो बात कही वो पूरी तरह से सही है कि कभी-कभी जब कोई खिलाड़ी अपनी लय में होता है, तो उसे गेंद अलग ही नजर आती है।

### किन बातों का रखते हैं विशेष ध्यान?

समीर ने बताया कि वह मैच की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बल्लेबाजी करते हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा हालात के हिसाब से खेलने की कोशिश करता हूं। अगर हालात बदल रहे होते हैं, तो मैं दोनों पारियों में उसी हिसाब से खेलता हूं। शुरुआत में हमारे हालात ऐसे थे कि थोड़ा समय लेना जरूरी था, इसलिए मैंने अपना समय लिया। फिर हालात के हिसाब से जब मैं विकेट पर जम गया, तो मैंने अपने शॉट्स खेले और गेंद को आखिर तक देखने की कोशिश की।

### दमदारा प्रदर्शन पर क्या बोले?

समीर ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों में 90 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने सात चौके और सात छक्के लगाए। अपनी बल्लेबाजी को लेकर बात करते हुए समीर ने कहा, हां, मैं कोशिश करता हूं कि जब भी मैं ऐसे हालात में बल्लेबाजी करने आऊं, तो थोड़ा समय लूं, क्योंकि समय के साथ आप विकेट पर जम जाते हैं। एक बार जब आप जम जाते हैं, तो आप हालात को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं और उसी हिसाब से खेल सकते हैं। फिर आपको इस बात का ज्यादा दबाव महसूस नहीं होता कि आगे क्या करना है। एक बार जब आप क्रीज पर जम जाते हैं, तो बैटिंग में चीजें आसान हो जाती हैं।

उन्होंने कहा, हां, यह किसी भी खिलाड़ी के लिए बहुत अहम समय होता है, क्योंकि अगर आप यहां रन बनाते हैं और अच्छी बैटिंग करते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। आपको आगे बढ़ने के, ज्यादा खेलने के और बड़े मंचों पर मौके पाने के अवसर भी मिलते हैं। यह बहुत अच्छी बात है।

## पेरू फुटबॉल स्टेडियम में प्रशंसकों की रैली के दौरान भगदड़, एक की मौत और दर्जनों घायल

**लीमा।** पेरू की राजधानी में एक लोकप्रिय फुटबॉल टीम के स्टेडियम में दर्शकों की रैली के दौरान भगदड़ में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि अलेजांद्रो विलान्यूवा स्टेडियम के दक्षिण स्टैंड में अलींजा लीमा टीम के समर्थकों की भगदड़ में फंसे लोगों को शुक्रवार की रात निकाला गया।

उनकी टीम को शनिवार को अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी यूनिवर्सिटारियो से खेलना है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्टेडियम के भीतर की एक दीवार ढहने की बात कही थी जिसे पुलिस और फुटबॉल टीम ने अलग-अलग बयान में नकार दिया है। दमकलकर्मी मार्कोस पाउलो ने कहा कि कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई है और दर्जनों घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है।

## आखिरी ओवर तुषार से नहीं डलवाना चाहते थे रियान, जुरैल के कहने पर बदला फैसला

**अहमदाबाद।** तुषार देशपांडे, जो गुजरात टाइटंस के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की जीत के हीरो रहे, वह आखिरी ओवर नहीं डालने वाले थे। जी हां, कप्तान रियान पराग का कुछ और प्लान था। मगर एक खिलाड़ी के कहने पर आरआर के कप्तान ने अपने फैसले को पलटा और नतीजा सभी के सामने है। आखिरी 2 ओवर में 15 रन डिफेंड कर राजस्थान रॉयल्स ने सीजन की लगातार दूसरी जीत दर्ज की। रियान पराग ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह 20वां ओवर जोफ्रा आर्चर से डलवाना चाहते थे, मगर ध्रुव जुरेल के कहने पर उन्होंने अपना फैसला पलटा।

रियान पराग ने जीत व आआरआर मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत बढ़िया था। मैंने एक चांस लिया, सोचा कि चलो बस पूरी और तेज़ गेंद डालते हैं। और जिस तरह से लड़कों ने डिलीवर किया, आप देख सकते हैं कि मेरी आवाज़ फूट-फूट कर रो रही थी, मैं बस चिल्ला रहा था। मैं इस बात से बहुत एक्साइटेड था कि उन्होंने जैसा चाहा वैसा किया, और यह बस कमाल का है।

उन्होंने कहा कि मैं असल में ऑर्डर बदलने वाला था, तो इसका क्रेडिट ध्रुव जुरेल को जाता है। उन्होंने मुझसे 19वें ओवर में जोफ्रा को भेजने के लिए कहा। तो प्लान यह था, क्योंकि यह तीन बॉल का फर्क था, यह 12 में से 15 रन था। मैं बस एक चांस लेना चाहता था, बस तेज, जितना हो सके तेज़, जितना हो सके उतना अग्रेसिव। अगर यह निकल जाता है, तो यह निकल जाता है और यह बहुत अच्छा लगता है। अगर ऐसा नहीं होता है, तो मैं बस दुखी हो जाऊंगा और अगली बार फिर से जाऊंगा।

ध्रुव जुरेल पर उन्होंने कहा कि हां, मुझे लगता है कि हमने उसके टैलेंट के साथ ज्यादा न्याय नहीं किया है। उसने मुश्किल काम किया है। उसने बैटिंग की है। छह और सात पर। लेकिन अब जब हमने देखा, हमारे पास नंबर तीन पर मौका था, तो मैं सबसे पहले कहने वाला था कि उसे नंबर तीन पर बैटिंग करनी चाहिए और उसने हमें दिखा दिया कि वह ऐसा क्यों कर सकता है। तो उम्मीद है कि यह उसके लिए शुरुआत है और वह आगे चलकर 700, 800 रन बनाएगा और हमें चैंपियनशिप जिताएगा।

शुरुआती दो मैच जीतने पर उन्होंने कहा कि हां, मेरा मतलब है, हम जश्न मनाने वाले हैं। जैसे ही सूरज निकले, इसे भूल जाओ और फिर गुवाहाटी पर ध्यान दो और हम मुंबई के खिलाफ क्या कर सकते हैं।

## सेठी नगर और लोढ़ा कॉलोनी के बीच सालों पुराने खुले नाले को कवर्ड के लिए डेढ़ करोड खर्च करेगा निगम

### लंबे समय बाद क्षेत्र को लोगों को बदबू से मिलेगी राहत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नगर निगम के जोन-2 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 59 की सेठी नगर और लोढ़ा कॉलोनी में लंबे समय से खुले नाले को चारों तरफ़ से कवर्ड करने के लिए अब निगम डेढ़ करोड रुपए से ज्यादा खर्चकर यहां आरसीसी की पक्की छत डालेगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से लगातार प्रयास के बाद 10वीं बार ठेकेदार की तलाश के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम यहां बजट की कमी के बावजूद करीब एक करोड चोपन लाख से ज्यादा खर्चकर दो प्रमुख कॉलोनियों के बीच बरसों पुराने नाले पर आरसीसी की पक्की छत डालने की तैयारी कर रहा है। जिसके लिए लंबे समय से प्रयास के बाद भी निगम को यहां काम करने के लिए ठेकेदार नहीं मिल रहा है। उसके बावजूद निगम यहां के काम के लिए अपनी ओर से लगातार प्रयास कर रहा है।

**ठेकेदार की तलाश के लिए शुरू कर दी प्रक्रिया-** यही नहीं ठेकेदार की तलाश के लिए निगम ने टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके तहत आगामी 15 अप्रैल के बाद जैसे ही निविदा प्रक्रिया के बाद ठेकेदार की तलाश पूरी होते ही निगम क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवारों को नाले की बदबू से राहत देने के लिए लोगों की मांग पर अपनी ओर से प्रयास कर तमाम तैयारियां भी कर रहा है ताकि बारिश से पहले दो बड़ी कालोनी सेठी नगर और लोढ़ा कॉलोनी क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों को बरसों पुराने नाले को सीमेंट कंक्रीट की मजबूत छत डालने के बाद कवर्ड करके क्षेत्र के लोगों को बदबू से राहत दिलाने का प्रयास कर रहा है। यही नहीं इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। उसके बावजूद इस काम के लिए कोई भी ठेकेदार काम लेने को तैयार नहीं है। इसके लिए निगम क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर ठेकेदार की तलाश के लिए अपनी ओर से तमाम प्रयास कर रहा है।

# इस बल्लेबाज के सिर सजी ऑरेंज कैप, पर्पल कैप आरआर खिलाड़ी के पास आई




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के जीत के हीरो समीर रिजवी के सिर ऑरेंज कैप सज गई है। उन्होंने आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की रेस में मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा को पछाड़ते हुए पहला पायदान हासिल किया है। समीर रिजवी ने लगातार दूसरे मैच में दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई है। एमआई के खिलाफ हुए मुकाबले में रिजवी ने 51 गेंदों पर 7 चौकों और इतने ही गगनचुंबी छक्कों की मदद से 90 रन बनाए थे, वहीं इस मैच में रोहित शर्मा ने 35 रनों की पारी खेली थी। पर्पल कैप की रेस में रवि बिश्नोई की धाकड़ एंट्री हुई है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ 4 विकेट लेकर वह पहले पायदान पर पहुंच गए हैं।

समीर रिजवी और रोहित शर्मा के अलावा आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की लिस्ट में पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली, कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृश रघुवंशी और सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन है। वहीं ध्रुव जुरेल 93 रनों के साथ 6ठे, इतने ही रनों के साथ यशस्वी जायसवाल 7वें, 90 रनों के साथ रायन रिकल्टेन 8वें, 86 रनों के साथ साई सुदर्शन 9वें और 83 रनों के साथ हेनरिक क्लासेन 10वें पायदान पर है। वैभव सूर्यवंशी के भी क्लासेन जितने रन है, मगर वह 11वें नंबर पर हैं।

समीर रिजवी- 160
रोहित शर्मा- 113
कूपर कोनोली- 108
अंगकृश रघुवंशी- 103
ईशान किशन- 94

राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 4 विकेट लेकर ना सिर्फ टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है, बल्कि पर्पल कैप पर भी कब्जा जमाया है। बिश्नोई के नाम इस सीजन अब 5 विकेट हो गए हैं। वह 19वें सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पहले पायदान पर हैं। उनके अलावा पंजाब किंग्स के विजयकुमार वैशक के नाम भी 5 विकेट हैं। टॉप-5 की बात करें तो, इन दोनों के अलावा लिस्ट में टी नटराजन, लुंगी एनगिडी और जयदेव उनादकट हैं।

रवि बिश्नोई- 5 विकेट
विजयकुमार वैशक- 5 विकेट
टी नटराजन- 4 विकेट
लुंगी एनगिडी- 4 विकेट
जयदेव उनादकट- 4 विकेट

# हमने 15-20 रन कम बनाए इसलिए मिली हार: सूर्यकुमार

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में मुंबई इंडियंस की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कप्तानी सूर्यकुमार यादव ने की। मुंबई को मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। हार के बाद सूर्या का कहना था कि उनकी टीम ने कम स्कोर बनाया, जिसकी वजह से हार मिली। सूर्यकुमार ने मैच में दिल्ली के लिए 90 रन बनाने वाले समीर रिजवी की भी जमकर तारीफ की।

सूर्या का कहना था कि पिच में कुछ खास नहीं था। उन्हें उम्मीद थी कि विकेट थोड़ा धीमा होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ और ये भी मुंबई की हार का एक कारण बना। बता दें कि मैच में एमआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 162 रनों का स्कोर बनाया था। इसे डीसी ने 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और मुकाबले में 6 विकेट से जीत हासिल की। मुंबई की हार के बाद कप्तान सूर्या ने इसके कारण बताए हैं।

## सूर्यकुमार यादव ने बताया मुंबई की हार का कारण

पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में बात करते हुए सूर्या ने कहा, मुझे लगता है कि यहां का विकेट ठीक-ठाक था। हमें उम्मीद थी गेम जैसे आगे बढ़ेगा, विकेट थोड़ा धीमा होगा। हम बल्लेबाजी में भी 15-20 रन पीछे रह गए। मैं उनके गेंदबाजों को भी क्रेडिट देना चाहता हूं। समीर रिजवी ने भी दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की। 7 रनों पर 2 विकेट गंवाने के बाद, जिस तरह से उन्होंने बैटिंग की, उसका पूरा श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने हमें मैच में वापसी का मौका नहीं दिया। हमने गेंदबाजी में सभी रणनीति अपनाई लेकिन वापसी नहीं कर सके।

एमआई के कप्तान ने आगे कहा, दूसरी पारी में भी पिच लगभग वैसी ही रही। इसमें ज्यादा बदलाव नहीं हुआ लेकिन उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वो शानदार था। दूसरी पारी में उन्होंने परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझा। आप जब पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो स्कोर के बारे में अधिक नहीं सोचते हैं। हम बस बल्लेबाजी करते हैं और परिस्थितियों को समझते हैं। यहां पर 180-185 का स्कोर अच्छा होता है और हम 15-20 रन पीछे रह गए। ऐसे दिन भी आते हैं, जब आप कोशिश करते हैं और बात नहीं बनती है। हालांकि, हम कड़ी मेहनत करेंगे और अगले मैच में वापसी करेंगे।



## समीर रिजवी की तूफानी पारी

मुंबई के खिलाफ समीर रिजवी ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने मुकाबले में 51 गेंदों पर 90 रनों की पारी खेली। रिजवी शतक लगाने से चूक गए लेकिन उन्होंने अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। समीर ने अपनी पारी के दौरान 7 चौके और उतने ही छक्के जड़े।

## इंटर स्कूल ओपन स्क्वॉश प्रतियोगिता 8 से

**इंदौर।** परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं और अब खिलाड़ी खेल के मैदानों पर लौटने को तैयार हैं। खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से एमरल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल में इंटर स्कूल ओपन स्क्वॉश प्रतियोगिता 8 अप्रैल से आयोजित की जा रही है। स्कूल के निदेशक सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि स्पर्धा में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस दौरान अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग के मैच खेले जाएंगे। इसमें बालक और बालिका दोनों वर्ग के मैच होंगे। स्पर्धा का फाइनल 10 अप्रैल को होगा। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर कर अनुभव दिलाने के लिए छह अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्क्वॉश कोर्ट पर मैच खेले जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी स्कूल के खेल अधिकारी संजय मिश्रा, प्रशिक्षक नितिन गौड एवं नवीब सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

## सीनियर गर्ल्स चयन ट्रायल्स में 90 बालिकाओं ने लिया भाग

**इंदौर ।** आईडीसीए द्वारा सीनियर गर्ल्स चयन ट्रायल्स शनिवार को जिमखाना मैदान पर आयोजित किया गया, जिसमें संभाग की लगभग 90 गर्ल्स खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया । सचिव देवाशीष निलोसे ने बताया कि चयनकर्ताओं चारू जोशी, रेखा सोहेल व हेमलता द्वारा खिलाड़ियों के चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेकर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिन्हें आईडीसीए एकेडमी के प्रशिक्षित कोच द्वारा निखारा जाएगा । चयन ट्रायल्स सुबह 8 बजे से दोहपर 2 बजे तक चला जिसमें सभी सीनियर गर्ल्स खिलाडियों द्वारा अपनी-अपनी प्रतिभा का परिचय चयनकर्ताओं के समक्ष दिया और सभी खिलाडियों में से श्रेष्ठ खिलाडियों का चयन किया गया । चयन ट्रायल्स के दौरान गर्ल्स एकेडमी के संयोजक नरेन्द्र तोमर भी उपस्थित थे। खिलाड़ियों का पंजीयन आईडीसीए के ही योगेश तोमर एवं अजीत राजोरिया द्वारा किया गया।

## ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनीत



**इंदौर।** कराते इंडिया के खिलाड़ियों ने भोपाल में आयोजित वेस्ट जोन यूनिवर्सिटी कराते प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराते प्रतियोगिता असम के लिए चयनित हुए।

चयनित खिलाड़ियों में चेतन तिलवे, रजत वर्मा, प्रिया अकोले, पलक पाल, सारा शंभू आदि शामिल हैं। सभी खिलाड़ी असम में होने वाली प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गए हैं।

कराटे इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह पवार, प्रदेश अध्यक्ष चंदू राव शिंदे, राजेश यादव, सुभाष सातालकर, कैलाश बाथम, राजेंद्र धवलपुरी, विजय सोलंकी, विनय यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी । अजय परमार को टीम कोच नियुक्त किया गया है।



# एसआरएच को झटका, अचानक ऑस्ट्रेलिया लौटे पैट कमिंस

**हैदाराबाद।** पेट कमिंस की चोट ने सनराइजर्स हैदराबाद की चिंता बढ़ा दी है। टीम के कप्तान कमिंस अपनी पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह स्कैन पहले से तय था। अब उनके आईपीएल 2026 में आगे खेलने पर अंतिम फैसला मेडिकल रिपोर्ट के बाद लिया जाएगा।

कम से कम तीन मैच मिस करेंगे

रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया कमिंस की फिटनेस पर अंतिम फैसला करेगा। अगर सब कुछ ठीक रहता है तो वह 17 अप्रैल के आसपास टीम से जुड़ सकते हैं। ऐसे में वह लखनऊ, पंजाब और राजस्थान के खिलाफ होने वाले कम से कम तीन मैच नहीं खेल पाएंगे।

कमिंस ने पहले अपनी चोट को लेकर कहा था, मैं अभी पीठ की चोट से उबर रहा हूं, लेकिन स्थिति पहले से बेहतर है और मैं नेट्स में गेंदबाजी कर रहा हूं। उन्होंने कहा, हमने एक प्लान बनाया है ताकि टूर्नामेंट के बीच तक मैं पूरी तरह फिट होकर मैदान पर वापसी कर सकूं।

कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी ईशान किशन कर रहे हैं, जबकि अभिषेक शर्मा उपकप्तान की भूमिका में हैं। टीम ने सीजन के पहले मैच में हार झेली थी, लेकिन दूसरे मैच में शानदार जीत दर्ज की। ऐसे में टीम संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

एसआरएच की विदेशी तेज गेंदबाजी पहले से ही कमजोर नजर आ रही है। ब्रायडन कार्स चोटिल हैं, जबकि पिछले मैच में इम्पैक्ट प्लेयर मलिंगा ने दो विकेट लिए थे। वहीं रिप्लेसमेंट खिलाड़ी डेविड पेन अभी लय में नहीं दिखे हैं, जिससे टीम की गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है।

# इंदौर में डिजिटल डकैतों का तांडव

## एपीके फाइल और बैंक अधिकारी बनकर ठगों ने बिछाया जाल, बुजुर्गों से लेकर व्यापारियों तक को बनाया निशाना

# मोबाइल हैकिंग और निवेश के नाम पर बढ़ी डिजिटल लूट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। स्वच्छ शहर इन्दौर इन दिनों सायबर अपराधियों के निशाने पर है। पिछले 24 घंटों के भीतर शहर के विभिन्न थानों में ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें ठगों ने करोड़ों रुपये की चपत लगाई है। कहीं मोबाइल हैक कर बैंक खाते साफ किए गए, तो कहीं निवेश और क्रेडिट कार्ड अपडेट के नाम पर डिजिटल डकैती डाली गई।

### मोबाइल हैकिंग का नया हथियार

ठगों ने अब लोगों के फोन का रिमोट कंट्रोल हासिल करने के लिए व्हाट्सएप पर फर्जी फाइलें भेजना शुरू कर दिया है लसूडिया थाना इलाके के स्कीम नंबर 78 के दिनेश कुमार पटेल और देपालपुर थाना क्षेत्र के जाकीर मंसूरी के व्हाट्सएप पर यूनियन बैंक के नाम से फर्जी एपीके फाइल आई। केवाईसी के नाम पर फाइल ओपन करते ही मोबाइल हैक हो गया और दोनों के खातों से क्रमशः 1.48 लाख और 1.62 लाख रुपये पार हो गए।

### अंजान कॉलर ने बनाया शिकार

बाणगंगा थाना क्षेत्र के करोलबाग निवासी अभिषेक करकरे के पास आए एक अनजान कॉल ने उनका पूरा फोन हैक कर लिया। ठगों ने उनके तीन अलग-अलग बैंकों आइसीआई, बैंक ऑफ इंडिया। और एसबीएम खातों से कुल 6.07 लाख रुपये उड़ा दिए।



### गुम मोबाइल और एटीएम फ्रॉड

*परदेशीपुरा थाना इलाके में शैलेंद्र शर्मा का मोबाइल गुम होने के बाद अज्ञात बदमाश ने उनके पीएनबी ऐप का एक्सेस पाकर 1.98 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। एमजी रोड थाना इलाके में छोटा बांगड़दा रोड निवासी विकास वर्मा के साथ नंदलालपुरा स्थित एचडीएफसी एटीएम पर ठगी हुई, जिससे उनका खाता 37,000 रुपये माइनस में चला गया।*

### क्रेडिट कार्ड और निवेश के नाम पर झांसा

*परदेशीपुरा थाना के नंदा नगर निवासी पवन नायक को 'बिट गेट ऐप' पर निवेश कर भारी मुनाफे का लालच दिया गया। ठगों ने उनसे 7.48 लाख रुपये निवेश कराए और अब पैसे वापस नहीं मिल रहे हैं। लसूड़िया थाना इलाके के प्रतीक्षा मोरे के क्रेडिट कार्ड से उनकी सहमति के बिना 1.99 लाख रुपये का ऑनलाइन ई-कॉमर्स ट्रांजेक्शन कर दिया गया।तेजाजी नगर थाना इलाके में प्रमोद मिथोरिया के क्रेडिट कार्ड से भी 1.08 लाख रुपये की ऑनलाइन चपत लगाई गई। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में किचन अप्लायंसेज कारोबारी अमित वाधवानी को बैंक अधिकारी बनकर फोन किया गया और ओटीपी लेकर 65,800 रुपये निकाल लिए गए।*

### बुजुर्गों और महिलाओं को बनाया निशाना

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के रॉयल बंगलो बीजलपुर निवासी 70 वर्षीय तेजस्वी मनसोत्रा के साथ बड़ी धोखाधड़ी हुई। ठगों ने उनके आईडीएफसी और बैंक ऑफ बड़ौदा के खातों से किश्तों में कुल 5.75 लाख रुपये अलग-अलग खातों और पेटीएम आईडी में ट्रांसफर कर लिए।

राऊ थाना इलाके के सिलिकॉन सिटी निवासी पूजा पंवार के एक्सिस बैंक खाते से ठगों ने बिना किसी मैसेज या सूचना के तीन महीनों के भीतर 1.53 लाख रुपये निकाल लिए।

# बालकनी से गिरकर मासूम की मौत



### जन्मदिन के ठीक एक महीने बाद उजड़ीं खुशियां

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ महज़ 2 साल की मासूम बच्ची की दूसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। खेलते-खेलते बालकनी तक पहुँची बच्ची का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नीचे जा गिरी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मृतिका का नाम पायल पिता मोहन पिपलोदे(2) निवासी आलोक नगर है।बताया जा रहा है कि बीती शाम घर पर पायल की मां रीना ने उसे तैयार किया था। इसके बाद मां किसी काम से बाथरूम में चली गई। इसी बीच पायल खेलते हुए बालकनी की ओर निकल गई। बालकनी की रैलिंग करीब दो फीट ऊँची थी, जिससे पायल नीचे झांकने की कोशिश करने लगी। झांकने के दौरान मासूम पायल का संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी मंजिल से सीधे नीचे फर्श पर जा गिरी। गिरने की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और लहूलुहान हालत में बच्ची को तुरंत एमवाय अस्पताल पहुँचाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि परिवार मूल रूप से सतवास के पास करखेड़ा गांव का रहने वाला है। पायल के पिता मोहन को इंदौर की एक निजी कंपनी में नौकरी मिली थी, जिसके बाद करीब 8 दिन पहले ही यह परिवार इंदौर शिफ्ट हुआ था।पायल ने पिछले महीने 5 मार्च को ही अपना दूसरा जन्मदिन मनाया था। उसकी 9 साल की बड़ी बहन और 5 साल का भाई है जो गांव में दादा-दादी के पास रहते हैं।

# दहेज की खातिर नवविवाहिता को तड़पाया, बीमारी में नहीं कराया इलाज, हो गई मौत

## पति, सास और ननद पर केस दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** एमजी रोड थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है, जहाँ दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, बल्कि बीमारी की हालत में उसे इलाज से भी वंचित रखा गया। समय पर उपचार न मिलने और लगातार प्रताड़ना के कारण अंततः महिला की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतिका के पति, सास और ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, गायत्री बाली (22) का विवाह उषा फाटक निवासी समीर बाली के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद से ही पति समीर, सास उषा बाली और ननद शिखा बाली उसे कम दहेज लाने की बात पर ताने देने लगे। आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा और पैसों की मांग को लेकर गायत्री के साथ अक्सर मारपीट की जाती थी। लगातार मिल रही प्रताड़ना और मारपीट के कारण गायत्री मानसिक और शारीरिक रूप से बीमार रहने लगी। गंभीर बीमारी की स्थिति में भी ससुराल वालों ने उसे अस्पताल नहीं ले जाने दिया। उनका कहना था कि जब तक मायके से और पैसे नहीं आएंगे, उसका इलाज नहीं कराया जाएगा। इस उपेक्षा के चलते गायत्री की हालत बिगड़ती चली गई।जब गायत्री के पिता को उसकी बीमारी का पता चला, तो उन्होंने ससुराल आकर बेटी को इलाज के लिए मायके ले जाने की मिन्नतें कीं। लेकिन लालची पति, सास और ननद ने साफ इनकार कर दिया कि बिना पैसों के उसे कहीं नहीं भेजा जाएगा। उचित उपचार के अभाव में गायत्री ने दम तोड़ दिया। मृतिका के परिजनों की शिकायत और प्राथमिक जांच के बाद एमजी रोड पुलिस ने आरोपी पति समीर, सास उषा और ननद शिखा बाली के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

# सांवेर रोड पर स्टील कारखाने में भड़की आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**औद्योगिक क्षेत्र सांवेर रोड पर आज सुबह एक स्टील कारखाने में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँच गई और आग पर काबू पा लिया।**

आज सुबह करीब साढ़े 6 बजे सांवेर रोड स्थित सुमान स्टील कंपनी में आग लग गई। फैक्ट्री से धुआं और लपटें उठती देख आसपास के सुरक्षाकर्मियों और राहगीरों ने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचित किया। सूचना मिलते ही सांवेर रोड फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां और बचाव दल मौके पर रवाना किया गया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए करीब 4 हजार लीटर पानी की मदद से आग की लपटों को फैलने से रोक दिया। समय रहते की गई इस कार्रवाई के कारण फैक्ट्री के बाकी हिस्सों और मशीनों को सुरक्षित बचा लिया गया। प्राथमिक जांच में आग लगने का सटीक कारण पता नहीं चल सका है।

आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ होगा। फैक्ट्री प्रबंधन नुकसान का आकलन कर रहा है। राहत की बात यह है कि जिस समय आग लगी, कारखाने में ज्यादा मजदूर मौजूद नहीं थे, जिससे कोई घायल नहीं हुआ।

# यातायात पुलिस ने 223 वाहन चालकों पर की कार्रवाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** यातायात पुलिस ने कल 56 दुकान, राजवाड़ा, मालवा मिल, भंवरकुआं और एयरपोर्ट रोड सहित अन्य क्षेत्रों में अभियान चलाकर 223 लोगों पर चालानी कार्रवाई की। इसमें नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने पर 180 और वन-वे का उल्लंघन करने वालों पर 21 और फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने पर 22 लोगों पर कार्रवाई की। कई वाहनों पर व्हील लॉक भी किए गए। चार झोन में यह कार्रवाई हुई।




स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।